# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष: 13 | अंक: 180 | गौतमबुद्धनगर, बुधवार 29 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

हिट एंड रन मामले में पुलिस को मिली ऑडी



P- 4

मतगणना की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी, डीएम ने राजनैतिक दलों के साथ



P- 5

मेसिको को मिल सकती है पहली महिला राष्ट्रपति! ऐतिहासिक चुनावों से जुड़ी



P- 6

15 साल बाद भारत में होगी विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप



## हैप्पी मॉर्निंग

पिता – पेपर कैसा गया?
बेटा – पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था, चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया!
पिता – और सवाल दो?
बेटा – बस सिर्फ वो ही गलत हो गया... बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया



## शायरी

अब देखना ये है कि जनता किसे चुनती है
शायद जो कम चोर है जनता उसे चुनती है

## अर्थसार



सेंसेक्स:
75,170.45
-220.05 (0.29%)
निफ्टी:
22,888.15
-44.30

## मौसम



अधिकतम : 46 डिग्री से0
न्यूनतम : 32 डिग्री से
सूर्योदय गुरुवार : 5 : 25
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 16

# मिजोरम में लैंडस्लाइड: 23 की मौत

## रेमल के कारण बारिश से पत्थर की खदान ढही; असम में भी दो की मौत

आइजोल। पश्चिम बंगाल में रविवार (26 मई) को आए रेमल तूफान का असर अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश की वजह से मंगलवार सुबह 6 बजे आइजोल में एक पत्थर की खदान ढह गई। अब तक इसमें 23 लोगों की मौत हुई है। इनमें 4 साल का लड़का और 6 साल की लड़की शामिल है। दो लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है।

मिजोरम के डीआईजी अनिल शुक्ला ने न्यूज एजेंसी को बताया कि अब तक 23 शव निकाले गए हैं। इनमें में 8 स्थानीय लोगों के हैं, जबकि 4 दूसरे राज्यों के हैं। बाकी शवों की पहचान की जा रही है। मलबे में 6-7 लोगों के दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन तेज बारिश के कारण इसमें दिक्कतें आ रही हैं। इसके अलावा नॉर्थ-ईस्ट के एक अन्य राज्य असम में भी आज तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। मोरीगांव जिले में ऑटो रिक्शा पर पेड़ गिरने से एक कॉलेज स्टूडेंट की मौत हो गई। चार लोग घायल हो गए। जबकि, लखीमपुर में लैंडस्लाइड के चलते एक व्यक्ति की जान चली गई। सोनितपुर जिले में एक स्कूल बस पर पेड़ गिर गया, इसमें 12 बच्चे घायल हो गए।



### स्कूल-सरकारी दफ्तर बंद, सीएम ने इमरजेंसी मीटिंग बुलाई

लगातार बारिश के कारण मिजोरम के सभी स्कूल और सरकारी दफ्तर आज बंद कर दिए गए हैं। प्राइवेट कंपनियों को अपने कर्मचारियों से घर से काम करवाने के लिए कहा गया है।

राज्य में कई और जगह भी लैंडस्लाइड हुए हैं। इसमें दो लोगों की मौत हुई। आइजोल के सलेम वेंग में लैंडस्लाइड के बाद एक इमारत पानी के साथ बह गई, जिसके बाद तीन लोग लापता हैं। पुलिस ने बताया कि हुनथर में नेशनल हाईवे-6 पर लैंडस्लाइड के कारण आइजोल देश के बाकी हिस्सों से कट गया है। राज्य के भीतर कई स्टेट हाईवे भी बंद हैं। लगातार बारिश से नदियों का जल स्तर भी बढ़ रहा है। नदी के किनारे के इलाकों में रहने वाले कई लोगों को हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने राज्य में खराब मौसम को लेकर इमरजेंसी बैठक बुलाई है। इसमें गृह मंत्री के सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और दूसरे बड़े अधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री ने बारिश के कारण हुए हादसों में जान गंवाने वालों के परिवार को 4 लाख रुपए की मदद का ऐलान किया है।

# लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 63.67 प्रतिशत मतदान

## इसमें पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने छठे चरण (25 मई) का वोटर टर्नआउट जारी किया है। इस फेज का वोटर टर्नआउट 63.37त्न रहा। इसमें इसमें पुरुषों का 61.95 प्रतिशत और महिलाओं का वोटर टर्नआउट 64.95 प्रतिशत रहा। यानी पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा वोट दिया। 6 चरणों की वोटिंग में अब तक सबसे ज्यादा वोटर टर्नआउट चौथे चरण में 69.58 प्रतिशत रहा। सातवें और अंतिम चरण में 1 जून को वोटिंग होगी। चुनाव आयोग ने चुनाव के 48 घंटे के भीतर बूथ वार वोटिंग का डेटा सार्वजनिक करने की मांग का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एफिडेविट में आयोग ने 22 मई को कहा, फॉर्म 17सी (हर मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकॉर्ड) के आधार पर वोटिंग डेटा का खुलासा करने से मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा होगा, क्योंकि इसमें बैलेट पेपर की गिनती भी शामिल होगी। आयोग ने कहा, ऐसा कोई कानून नहीं है, जिसके आधार पर सभी मतदान केंद्रों का फाइनल वोटिंग डेटा जारी करने के लिए कहा जा सके। फॉर्म 17सी केवल पोलिंग एजेंट को दे सकते हैं। इसे किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को देने की अनुमति नहीं है। फॉर्म 17सी वह प्रमाण पत्र है, जिसे पीठासीन अधिकारी सभी प्रत्याशियों को प्रमाणित करके देता है। चुनाव आयोग ने कहा, कई बार जीत-हार का अंतर नजदीकी होता है। आम वोटर फॉर्म 17सी के अनुसार बूथ पर पड़े कुल वोटों और बैलेट पेपर को आसानी से नहीं समझ सकते। ऐसे में इसका इस्तेमाल गलत तरीके से चुनावी प्रक्रिया पर कलंक लगाने के लिए किया जा सकता है, जिससे मौजूदा चुनाव में अव्यवस्था फैल सकती है।




# दिल्ली-वाराणसी इंडिगो फ्लाइट में बम लिखा टिशू पेपर मिला

## फ्लाइट में 176 पैसेंजर्स थे, इमरजेंसी गेट से विंग पर चलकर बाहर निकाले गए

नई दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट पर वाराणसी जाने वाले इंडिगो की फ्लाइट (6ई2211) में मंगलवार सुबह टेकऑफ से पहले एक टिशू पेपर मिला, जिसमें 30 मिनट में बम ब्लास्ट लिखा हुआ था। इसे धमकी की आशंका माना गया। इसके बाद क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर्स को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला। कुछ यात्री विंग के जरिए प्लेन से उतरते देखे गए। फ्लाइट में 176 पैसेंजर्स थे।

दिल्ली एयरपोर्ट पर क्यूआरटी और बम डिस्पोजल टीम बुलाई गई। प्लेन की तलाशी ली गई, लेकिन अधिकारियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 5 बजे वॉशरूम में पायलट को टिशू पेपर मिला था। टिशू पेपर वॉशरूम में कैसे पहुंचा, इसकी जांच चल रही है। इस महीने, यानी 1 मई से अभी तक 28 दिन में एयरपोर्ट, स्कूल, अस्पताल समेत बम धमकी की यह आठवीं घटना है।

इससे पहले 23 मई को दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज में बम की धमकी दी गई थी।

# केजरीवाल की जमानत पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## कहा- सीजेआई फैसला लेंगे; मेडिकल ग्राउंड पर 7 दिन बेल बढ़ाने की मांग की थी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार, 28 मई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दिल्ली सीएम ने मेडिकल ग्राउंड पर एक जून तक मिली अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे, क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है। केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। केजरीवाल को ईडी ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 50 दिन जेल में रहने के बाद उन्हें 10 मई को जमानत मिली थी। उनकी 21 दिन की जमानत 1 जून को खत्म हो रही है।



दिल्ली की लोकल कोर्ट ने 28 मई को केजरीवाल के खिलाफ ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने के अपने आदेश को 4 जून तक सुरक्षित रख लिया है।

ईडी ने 17 मई को राउज एवेन्यू कोर्ट में 18वीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें केजरीवाल और आप को आरोपी बनाया था। आम आदमी पार्टी ने सोमवार को दलील दी थी कि गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल का वजन 7 किलो कम हो गया है और उनका कीटोन लेवल हाई है, जो किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है।

# केरल में अगले चार दिनों में दस्तक देगा मानसून

एजेंसी

नयी दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले तीन-चार दिनों में केरल और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में पहुंचने वाला है, जिससे देश भर में भीषण गर्मी और लू की तपिश से बेहाल लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि पूर्वी बंगलादेश से अब चक्रवात रेमल पूर्व-उत्तरपूर्व की ओर बढ़ गया है।

शक्तिशाली तूफान मंगलवार शाम तक पूर्वी असम और आसपास के क्षेत्र में चिह्नित निम्न दबाव क्षेत्र में कमजोर हो जाएगा।

दक्षिण-पश्चिम मानसून बंगाल और बंगलादेश से गुजरने के बाद अगले सात दिनों तक पूर्वोत्तर राज्यों में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और गरज के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

मौसम विभाग अधिकारियों ने कहा, मंगलवार को पूर्वी असम, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है।

गर्मी

## दो की हालत गंभीर, वार्ड में लगा था सिर्फ एक कूलर; चूरू में पारा 50.5 डिग्री सेल्सियस

# राजस्थान में गर्मी से हाहाकार : दो नवजात समेत 16 की मौत

जयपुर। राजस्थान में भीषण गर्मी लगातार रिकॉर्ड बना रही है। मंगलवार को चूरू में तापमान 50.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह राजस्थान में इस सीजन का सर्वाधिक तापमान है। वहीं, पिलानी में गर्मी ने 25 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। यहां तापमान 49 डिग्री दर्ज किया गया। साल 1999 में पिलानी में तापमान 48.6 डिग्री दर्ज किया गया था।

इधर, कोटा के सुकेत में गर्मी से 4 नवजात बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। इनमें से दो की अस्पताल में ही मौत हो गई। जबकि दो को झालावाड़ रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार सपना पत्नी दरबार सिंह और सविता कुमारी पत्नी मिथुन ने 26 मई को बच्चों को जन्म दिया। इसके बाद मां और बच्चों को वार्ड में शिफ्ट कर दिया था। परिजनों का आरोप है कि वार्ड में केवल पंखे लगे हुए थे। वार्ड में 4 बच्चे एडमिट थे और एक कूलर था। गर्म हवा की वजह से नवजातों की तबीयत बिगड़ी। परिजनों ने आरोप लगाया कि 4 कूलर जो भिजवाए थे, वे स्टाफ और डॉक्टर के ओपीडी रूम में लगा दिए गए थे। बीसीएमओ डॉ. रईस खान ने बताया कि नवजात की मौत गर्मी के अलावा अन्य कारणों से हो सकती है। इसे लेकर जांच टीम बनाई गई है। यह सही है कि प्रसूता वार्ड के कूलर डॉक्टर और नर्सिंगकर्मियों के चैंबर में लगे हुए थे। आज एक दिन में 16 मौत हुईं।



प्रदेश में गर्मी से अब तक कुल 51 लोगों की जान गई है। टोंक में पिछले 24 घंटे में पति-पत्नी समेत 5 की मौत हुई। हालांकि अधिकांश मौतों में डॉक्टरों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट के बाद ही मौतों का कारण पता चल पाएगा।

### जयपुर और उदयपुर समेत 6 जिलों में 14 मौत

1. जयपुर में एग्जाम देकर कॉलेज से बाहर आते ही स्टूडेंट कपिल (22) बेहोश हो गया। उसे जयपुरिया हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर का कहना है कि प्रथम दृष्टया गर्मी से तबीयत खराब होना माना जा रहा है। कपिल जयपुर में एग्जाम देने आया था।

2. उदयपुर जिले के कुराबड़ थाना क्षेत्र के छोटा भल्लो का गुड़ा निवासी वार्ड पंच दुर्गा गमेती (26) बकरियां चराने गई थीं। जहां तेज गर्मी से उन्हें चक्कर आए और गड्ढे में गिर गईं। उनके पति उन्हें उदयपुर के निजी हॉस्पिटल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। वार्ड पंच घनश्याम सालवी ने बताया- गर्मी की वजह से ही दुर्गा की मौत हुई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि परिजन गर्मी से ही मौत बता रहे हैं, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

चक्रवात रेमल



गुवाहाटी में चक्रवात रेमल के भूस्खलन के कारण नौका सेवा रद्द होने के बाद ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर नावें।

# दंतेवाड़ा में आईईडी ब्लास्ट, 15 नक्सली गिरफ्तार

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में एक आईईडी विस्फोट के बाद पंद्रह नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से सात महिलाएं हैं।


पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को जब सुरक्षा बल तलाशी अभियान पर थे तब नक्सलियों ने विस्फोट किया, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि रविवार को जब सुरक्षा बल तलाशी अभियान पर थे तब नक्सलियों ने विस्फोट किया है। इस हादसे में अब तक कोई घायल नहीं हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि गिरफ्तार किए गए अधिकांश कैडर प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के फ्रंटल संगठनों में सक्रिय थे।

अधिकारी ने बताया कि गश्ती दल ने शनिवार को गुमलनार और मुस्तलनार गांवों के जंगल में अभियान शुरू किया था और रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे नक्सलियों ने सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट किया। उन्होंने बताया कि विस्फोट में सुरक्षाकर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ।








propre
Luxury Real Estate
INVESTMENT OPPORTUNITIES
Near jewar Airport
More Information
+91 9871577057
www.propreluxuryrealestate.com

# संपादकीय



## दुनिया का सबसे बड़ा झूठा नेता

**सत्ता की भूख में जो नेता झूठ बोले, उनकी हकीकत को उजागर करना ही सच्चा धर्म है।**



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

इतिहास गवाह है कि सत्ता के लालच में कई नेताओं ने झूठ का सहारा लिया। लेकिन कुछ नेता ऐसे भी हुए हैं जिन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा को झूठ और फरेब से भरपूर कर दिया। उनका हर वादा, हर दावा और हर बयान महज एक धोखा साबित हुआ। ऐसे ही एक नेता को हम दुनिया का सबसे बड़ा झूठा नेता कह सकते हैं।

### झूठ और धोखाधड़ी की विरासत

ऐसे नेता का राजनीतिक करियर झूठ और धोखाधड़ी की बुनियाद पर टिका होता है। यह नेता अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए जनता को भ्रमित करता है, उनके विश्वास का दुरुपयोग करता है और अपने झूठे वादों से उन्हें छलता है। इस तरह के नेता की पहचान कुछ मुख्य बिंदुओं से होती है-

### 1. झूठे वादे और दावे

– वादा: यह नेता चुनाव जीतने के लिए अविश्वसनीय वादे करता है, जो न केवल असंभव होते हैं, बल्कि जनता की उम्मीदों के साथ खिलवाड़ करते हैं।
– सच्चाई: चुनाव जीतने के बाद, इन वादों को या तो पूरा नहीं किया जाता या फिर उनके बारे में कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता।

### 2. आंकड़ों का तोड़-मरोड़ कर पेश करना

– वादा: इस नेता ने अपने कार्यकाल के दौरान बार-बार गलत आंकड़े प्रस्तुत किए, जिससे जनता को भ्रमित किया गया।
– सच्चाई: स्वतंत्र जांच और रिपोर्ट्स ने इन आंकड़ों की सच्चाई उजागर की और साबित किया कि यह महज झूठ था।

### 3. विरोधियों पर झूठे आरोप

– वादा: इस नेता ने अपने राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगाए और उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की।
– सच्चाई: जांच और अदालतों ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और विरोधियों को निर्दोष पाया।

### 4. नीतियों का झूठा प्रचार

– वादा: इस नेता ने अपनी नीतियों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया और जनता को विश्वास दिलाया कि ये नीतियाँ उनकी भलाई के लिए हैं।
– सच्चाई: इन नीतियों के असली प्रभाव को देखा जाए तो वे जनता के लिए नुकसानदायक साबित हुईं और देश को आर्थिक और सामाजिक नुकसान पहुँचाया।

### इतिहास के सबसे बड़े झूठे नेता

इतिहास में एक ऐसा नेता जो इन सभी बिंदुओं पर खरा उतरता है, वह हैं अडॉल्फ हिटलर। हिटलर का शासनकाल झूठ और प्रोपेगैंडा की एक मिसाल है। उसने अपने देशवासियों को यह विश्वास दिलाया कि वह जर्मनी को महान बनाएगा, लेकिन उसकी नीतियों और कार्यों ने दुनिया को युद्ध, विनाश और असंख्य जानों की हानि की ओर धकेल दिया।

### हिटलर के झूठ : कुछ प्रमुख उदाहरण

1. आर्य जाति की श्रेष्ठता का दावा
– हिटलर ने यह झूठ फैलाया कि आर्य जाति सर्वश्रेष्ठ है और अन्य जातियाँ हीन हैं। इस झूठ ने नस्लवादी हिंसा और नरसंहार को जन्म दिया।
2. वर्साय की संधि का उल्लंघन
– हिटलर ने वर्साय की संधि का पालन करने का वादा किया, लेकिन सत्ता में आने के बाद उसने इसे तोड़ दिया और अपनी सैन्य ताकत को बढ़ाया।
3. शांति और विकास का वादा
– उसने जर्मनी को शांति और विकास का वादा किया, लेकिन इसके विपरीत उसने एक आक्रामक युद्ध नीति अपनाई जिसने पूरे यूरोप को युद्ध में झोंक दिया।

### निष्कर्ष

दुनिया का सबसे बड़ा झूठा नेता वह होता है जो अपनी सत्ता को बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, चाहे इसके लिए उसे अपने देश और दुनिया का कितना ही नुकसान क्यों न करना पड़े। अडॉल्फ हिटलर इसका जीता-जागता उदाहरण है। उसकी झूठी नीतियों और प्रोपेगैंडा ने न केवल जर्मनी को, बल्कि पूरी दुनिया को विनाश के गर्त में धकेल दिया।
झूठ की उम्र बहुत छोटी होती है, और सत्य हमेशा के लिए होता है।
हिटलर के झूठ ने दुनिया को एक महत्वपूर्ण सबक सिखाया-सच्चाई और न्याय की राह ही सही राह है।
एक आह्वान जनता के लिए, कि वे अपने नेताओं की सच्चाई को परखें और सही निर्णय लें। केवल तभी हम एक सशक्त और सच्चे लोकतंत्र की ओर बढ़ सकते हैं।

## ऊर्जावान नौजवान, समृद्ध राष्ट्र।

सर पर जिसके हिमालय का ताज,
क्यों न बने वह दुनिया का सरताज।

जहां गंगा जमुना सरस्वती बहती हो निर्मल,
उसका तो आने वाला कल होगा ही उज्जवल।

हर नौजवान और युवा है जहां देशभक्त,
फिर कैसे ना हो उसकी सेना शक्तिशाली और सशक्त।

आओ समर्पित ज्ञानी नागरिकों से बनाएं देश महान,
देश विरोधी अफवाहों पर नहीं देना कभी ध्यान।

जहां रहते हो विवेकानंद ,गांधी और सुभाष,
वहां बहती है चिंतन की गंगा, दीप्त है ज्ञान का प्रकाश।

गलती ना करें दुश्मन इस देश को कम आंकने की,
प्रयास ना करें गलत इरादे से झांकने की।

देश महान था, है और अनंत काल तक रहेगा,
भारतवर्ष का वैभव अक्षुण है और सदा रहेगा ।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# राजनीतिक विसंगतियों से बचे नई लोकसभा

-ललित गर्ग-



अठारहवीं लोकसभा के गठन के लिये हो रहे चुनाव अब अन्तिम चरण में हैं। अब चुनाव परिणामों पर सबकी निगाहें लगी है, इसी के साथ नयी लोकसभा कैसी हो, किस तरह से राजनीतिक विसंगतियों से उसे बचाकर एक नये आदर्श लोकसभा का गठन हो, ताकि आजादी का अमृतकाल स्वर्णिम एवं सार्थक बन सके। वर्ष 2047 तक भारत की यात्रा परिवर्तन, संभावनाओं एवं अवसरों से भरी है। व्यापक लोकतांत्रिक सुधारों, समग्र विकास, आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाकर एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये प्रतिबद्धता, रणनीतिक योजनाओं, सही समन्वय एवं नयी लोकसभा के सदस्यों के आपसी संवाद की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल की पूर्णता तक पहुंचने से पहले देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक जीवित तंत्र है, जिसमें सबको समान रूप से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार चलने की पूरी स्वतंत्रता होती है। लोकतंत्र की नींव जनता के मतों पर टिकी होती है। नागरिकों की आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप प्रशासन देने वाला, संसदीय प्रणाली पर आधारित इसका मजबूत संविधान है। लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के टूटते-बिखरते की स्थितियों और राजनीतिक प्रक्रिया के कारण आम लोगों में अरुचि और अलगाव बहुत साफ दिखाई देता है, इसके कुछ और भी अनेक कारणों में मुख्य है- समानता लोकतंत्र का हृदय है, लेकिन असमानता ही चहूं ओर दिखाई दे रही है। वोटों के गलियारे में सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने की होड और येन-केन-प्रकारेण वोट बटोरने के मनोभाव ने इस उन्नत शासन प्रणाली को कमजोर किया है, जिसकी झलक इन चुनावों में हमने बढ़-चढ़ कर देखी है।

नई संसद को लेकर विमर्श प्रारंभ हो गया है और होना भी चाहिए। यह भी याद रखना जरूरी है कि आज भारत का हर नागरिक विश्व में अपने देश के सम्मान को लेकर गौरवान्वित है। देश के भविष्य को लेकर वह काफी आशावान है। दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनने को लेकर उत्साहित है। इनकी आशाओं पर खरा उतरने की चुनौती आम चुनावों में सफल होकर प्रधानमंत्री और सांसद बनने वालों के सामने है। इसमें दो राय नहीं कि सकारात्मक नेतृत्व ही व्यक्ति और राष्ट्र को नई प्रेरणा देता है। ऐसे में नवनिर्वाचित सांसदों को सक्रिय संवाद की परम्परा को पुनर्जीवित करने का प्रयास दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करने की अपेक्षा है। इसी से निर्वाचित प्रतिनिधियों की साख एवं स्वीकार्यता बढ़ेगी एवं इसीसे भारत के लोकतंत्र को अपेक्षित गरिमा एवं जीवंतता मिल सकेगी। नयी गठित होने वाली लोकसभा के सामने यह बड़ी चुनौती है।

यह चुनौती बड़ी इसलिये है कि राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है।

आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं।

लोकतंत्र में जनता की भागीदारी केवल वोट देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

जनता के स्वतंत्र लिखने, बोलने और करने की स्वतंत्रता का हनन करने वाले शासकों ने इस शासन प्रणाली को ही धुंधला दिया है। शासक ही सोचेगा, शासक ही बोलेगा और शासक ही करेगा- ऐसी घोषणाओं के द्वारा शासक ने जनता को पंगु, अशक्त और निष्क्रिय बनाया है इसका खासतौर से मध्यवर्ग, कामकाजी प्रोफेशनल्स और युवा आबादी में गहरा असंतोष है। शायद यही वजह है कि आज मुश्किल से ही कोई ऐसा व्यक्ति मिलता है, जिसकी राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने में कोई दिलचस्पी हो। गौरतलब है कि शहरीकरण और इकनॉमिक ग्रोथ के साथ-साथ ऐसे लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। एक तरह से लोकतंत्र जैसी स्वस्थ और आदर्श शासन प्रणाली भी प्रश्नों के घेरे में है। अब आवश्यकता इस बात की भी है कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास हो और मतदान के साथ-साथ नागरिक सजगता का भी विकास हो।

लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने, चुनाव की खामियों को दूर करने एवं नये लीडर उभारने के प्रयास करने होंगे।

आम जनता की सजगता नयी बनने वाली सरकार एवं नये सांसदों की नीतियां और नियत क्या है इस पर भी केन्द्रित हो। वोट देने के बाद हमारे शासक कर क्या रहे हैं, इस पर नजर रखे बिना सजगता संभव नहीं है। सोशल मीडिया में भीड़ है, वह तख्ता पलट तो कर सकती है लेकिन उसके बाद का काम नहीं कर सकती। लिहाजा मतदान पहला कदम है अंतिम नहीं। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिये जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी से सरकार बनें और सही तरीके से चले भी। अच्छे लोग राजनीति में रूचि नहीं रखते। नागरिक सजगता की कमी इसी समझदार वर्ग में भी कम नहीं है। लोकसभा में अपराधियों की बढ़ती संख्या भी चिंता का विषय है। चुनाव आयोग पार्टियों को पंजीकृत तो कर सकता है लेकिन नियंत्रित नहीं। यह काम जागरूक नागरिक ही कर सकतें है अत: वे उठें और अपना कर्तव्य निभाएं। निष्क्रिय राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द होना चाहिए।

लोकतंत्र की यह दुर्बलता है कि सांसदों-विधायकों का चुनाव अर्हता, गुणवत्ता एवं योग्यता के आधार पर न होकर, दल या संस्था के आधार पर होता है। इससे राजनीति स्वस्थ नहीं बन सकती और न ही राजनीति में स्वस्थ, योग्य एवं प्रतिभासंपन्न उम्मीदवारों का चयन होता है। सही व्यक्ति की खोज वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी जरूरत है। स्वस्थ राजनीति में ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता इसलिये भी है ताकि लोकतंत्र को हांकने वाला निष्पक्ष हो, सक्षम हो, सुदृढ़ हो, स्पष्ट एवं सर्वजन हिताय का लक्ष्य लेकर चल सके।

ऐसी व्यवस्था भी नियोजित की जानी चाहिए है जिसमें स्वतंत्र विचारों वाले जागरूक नागरिकों द्वारा हर सरकार के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए। यह उन्हें अपनी चुनावी घोषणाओं या जीतने के बाद किए गए वायदों के प्रति उत्तरदायी बनाएगा। हमें ऐसे मंच तैयार करने चाहिए जो भारत के उन युवाओं, प्रफेशनल्स और ऊर्जावान नागरिकों को एक साथ लाएं और आपस में जुड़ने का अवसर दें, जो इस देश की तस्वीर बदलना तो चाहते हैं लेकिन ऐसा कर नहीं पाते क्योंकि उनके पास मंच नहीं है। भावी नेतृत्व को तैयार करने के लिए हमें उनकी ऊर्जा को सही चैनल देने की पहल करनी होगी। यही युवा, सक्रिय नागरिक और प्रफेशनल अपने पेशे, अपने तौर-तरीकों और नागरिकों मूल्यों की वजह से दूसरों के लिए रोल मॉडल की भूमिका निभायेंगे। यही लोग अगली पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक बन जायेंगे। हमें भारत के विशाल प्रांगण में हर कोने में ऐसे लोगों की तलाश करनी होगी। ऐसे लोगों की तलाश और उन्हें लोकतंत्र के प्रशिक्षण का समुचित प्रबंध होना जरूरी है।


लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिये और नये लीडर तलाशने के लिये जरूरी है कि राजनीति के प्रशिक्षण का उपक्रम विभिन्न स्तरों पर संचालित होना चाहिए।

न्यूनतम योग्यता एवं न्यूनतम प्रशिक्षण तय होना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर कृषि, ग्रामीण रोजगार, शिक्षा, वित्तीय अनुशासन, स्वास्थ्य और कुपोषण, जवाबदेही और पारदर्शिता, चुनाव और पुलिस सुधार, मानवाधिकारों की रक्षा और संसाधनों का बराबर इनका मिशन होना चाहिए। इसलिए परिवर्तन के लिए पहले ऐसे लीडर तैयार करने होंगे। सेमिनारों, वाद-विवादों और महत्वपूर्ण मुद्दों पर राय मांगकर उनकी पहचान की जा सकती है। लीडरों का सशक्तीकरण करें, ताकि वे बदलाव के वाहक बन सकें।

ऐसे दूसरे संगठनों और दबाव समूहों की पहचान करें जो अराजनीतिक और अनौपचारिक तंत्र के हिस्से हों, जैसे एनजीओ और उन्हें नीतियों के निर्माण और उनके आकलन में सहभागी बनाएं।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3196




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3195 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक औरत का पति मर गया। वह बीमा कंपनी के ऑफिस जाकर मैनेजर से बोली- मैनेजर साहब, मेरे पति गुजर गए हैं। उनके बीमे का रुपया दिलवाइए।
मैनेजर बोला- इस घटना को सुनकर बहुत दु:ख हुआ।
औरत बोली- जरूर हो रहा होगा। मर्दों का हर जगह यही हाल है। जब भी औरत को चार पैसे मिलने का मौका आता है, उन्हें बड़ा दु:ख होता है।

□ □ □

नरेश की शादी एक अनपढ़ महिला से हो गई। शादी की पहली रात वह पति से बोली- आप तो बड़े ही अच्छे और दयालु इंसान हो जी। आपने तो मेरा उद्धार ही कर दिया।
इस पर नरेश ने कहा- ऐसी कोई बात नहीं है।
पत्नी बोली- मेरी भाभी और मेरी चाची हमेशा मुझे प्रताड़ित करती रहती थी और कहती थी कि तेरे जैसी मूर्ख से तो कोई गधा ही होगा जो शादी करके तेरा उद्धार करेगा।

□ □ □

एक बार मिस्टर चमन चित्र प्रदर्शनी देख रहा था।
एक जगह रुक कर उसने कहा- छि:!!! क्या इसे आप मॉडर्न आर्ट कहते हैं?
संचालक- जी नहीं श्रीमान, आप गलत समझ रहे है। इसे तो हम आईना कहते हैं।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3196



**बायें से दायें:-**

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की 'इसे खेल ना समझो' गीत वाली फिल्म-१,३
४. 'एक लड़की जिसके' गीत वाली संजय दत्त, जैकी, रवीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, रवीना टंडन की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
७. 'हम दिल दे चुके सनम' में सलमान की माँ की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म 'दरार' में सहनायक कौन था-४
१०. 'रंग दे रंग दे' गीत वाली फिल्म 'तक्षक' के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म 'मेरे हुजूर' की नायिका कौन थी-२
१५. 'दिल है तुम्हारा' में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की 'जाना तुम्हारे प्यार में' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'इस टूटे दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की 'माथे पे चमके इसके' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'सोला किये थे' गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की 'मुझे नींद न आये' गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की 'उठाये जा उनके' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम' गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'जिसके सपने हमें रोज' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

२. आफताब, लिसा रे की 'कितना बेचैन हो के' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरे बिना मैं कुछ' गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'यारी है ईमान मेरा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म 'रजिया सुल्तान' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मीत ना मिला रे मन का' गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की 'चलो बुलावा आया है' गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की 'शाबा ये नखरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
२२. आयशा, दिव्या भारती, कमल सदाना की 'तेरी मुहब्बत' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'ये काली काली आँखें' गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3195



## सूडोकु -3196

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3195 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 3196



**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली -3195 का हल



# नोएडा में 31 मई तक हीटवेव का रहेगा असर

## अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस, 2000 मरीजों की रोज ओपीडी



नोएडा। नोएडा में गर्मी बढ़ने और लू चलने से लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। सुबह नौ बजे ही तापमान 38 डिग्री तक पहुंच गया। आईएमडी के मुताबिक मंगलवार को तेज गर्मी पड़ेगी। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा। आईएमडी के मुताबिक 31 मई तक हीट वेव रहेगी। इसके बाद दो से तीन डिग्री तक तापमान में कमी आएगी। ऐसे में लोग संभल कर रहे। तेज गर्मी से बचने के लिए अपने को हाइड्रेट रखे।

आईएमडी के मुताबिक दोपहर ढाई बजे तक 45 डिग्री तक रहेगा। लेकिन एहसास 47 डिग्री वाला रहेगा। डॉक्टरों ने बताया कि कार में बैठने से पहले ऐसी ऑन करने के बाद शीशे खोल दे। कुछ मिनट ठहरने के बाद ही कार में बैठे। बहुत ज़रुरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले। गर्मी के चलते रोजाना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। विगत तीन दिनों से रोजाना की ओपीडी करीब 2000 के आसपास की है। अस्पताल में मरीजों की भीड़ है। हवा की रफ्तार सात से 5 किमी प्रतिघंटा रहेगी। न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

### हीटवेव के दौरान, खुद को कई तरीकों से सुरक्षित रखा जा सकता है

जितना हो सके इंडोर रहें, खास तौर से दिन के सबसे अधिक गर्म घंटों में इस बात का ख्याल रखें।

शरीर को आरामदायक बनाए रखने के लिए हल्के, ढीले कपड़े पहने जिससे हवा का आवाजाही बना रहे और बाहर जाना यदि जरूरी हो तो जितना संभव हो सके छाया में ही रहें।

गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें, इसलिए खुद को हाइड्रेट रखें, पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करते रहें।

प्यास महसूस नहीं होने पर भी कुछ न कुछ पीते रहें। ऐसा करने से शरीर में हाइड्रेशन लेवल सही रहेगा।

घर में पंखों और एयर कंडीशनिंग का प्रयोग करें जिससे घर के अंदर ठंडक बनी रहे।

हीट संबंधी हेल्थ समस्याओं के लक्षणों को पहचानने, जैसे कि हीट एग्ज़ॉस्शन और हीटस्ट्रोक के बारे में जानकारी होना महत्वपूर्ण है।

## सामान ले जाने के बहाने डंपर ले भागे

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट स्थित हैबतपुर निवासी ट्रांसपोर्ट बहन-भाई के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी उत्तराखंड सामान ले जाने के बहाने उनका डंपर लेकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। हैबतपुर निवासी सुल्ताना ने पुलिस को बताया कि उसने अपने भाई फिरोज के साथ मिलकर डंपर खरीदा था। फिरोज ट्रांसपोर्ट का काम करता था। करीब दो वर्ष पहले फिरोज की मुलाकात नवीन कश्यप, रिजवान और खुर्रम से हुई। इस बीच सुल्ताना और फिरोज के पिता की तबीयत खराब हो गई। दोनों भाई-बहन पिता के इलाज में लग गए। इस बीच तीनों आरोपी उनके घर पहुंचे और उत्तराखंड कुछ सामान ले जाने के बहाने डंपर ले गए। इसके बाद आरोपी डंपर लेकर वापस नहीं लौटे। कुछ दिनों बाद पीड़िता ने जिक्र किया तो आरोपियों ने कहा कि वे जल्द डंपर लौट दें। इस बीच पीड़िता के पिता के मौत हो गई। इसके बावजूद आरोपी डंपर वापस लेकर नहीं आए। इसके कुछ दिन बाद पीड़िता और उसके भाई ने तीनों से बात की तो उन्होंने डंपर देने से मना कर दिया।

# हिट एंड रन मामले में पुलिस को मिली ऑडी कार

## 150 सीसीटीवी फुटेज की जांच, 7 टीम की थी गठित, टक्कर से बुजुर्ग की हुई थी मौत




नोएडा। कंचनजंघा मार्केट के पास बेकाबू ऑडी कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत होने के मामले में पुलिस ने ऑडी कार बरामद की है। ये कार दिल्ली किदवई नगर की पार्किंग में खड़ी थी। कार का शीशा टूटा है। पुलिस ने आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए सात टीम बनाई थी। घटनास्थल के आसपास और अन्य स्थानों पर लगे करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई। कार हरियाणा नंबर की है। एसीपी प्रवीण सिंह ने बताया कि घटना के समय कार कौन चला रहा था। इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। दरअसल रविवार को सुबह साढ़े पांच बजे के आसपास एक बुजुर्ग को ऑडी कार ने टक्कर मार दी थी। उस समय कार की रफ्तार करीब 100 किमी प्रतिघंटा थी। रफ्तार ज्यादा होने के कारण कार का नंबर सीसीटीवी कैमरे में ठीक से कैद नहीं हो पाया है। एक से दो अंक की फुटेज में दिख रहा है। टक्कर मारने के बाद कार कंचनजंघा मार्केट से कहां गई पुलिस फुटेज के माध्यम से ही उसका पीछा करती रही। जिसमें करीब 150 सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई थी। वह आकाशवाणी के सेवानिवृत्ति कर्मचारी थे। मृतक के बेटे ने सेक्टर-24 थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग हवा में लहराते हुए करीब दस मीटर दूर जाकर गिरा था।

करीब दो मिनट का हादसे का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ था। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-53 निवासी प्रदीप कुमार साह ने बताया था कि वर्तमान में वह परिवार के साथ सेक्टर-53 में रहते हैं। प्रदीप के पिता जनक देव रोजाना की तरफ रविवार को साढ़े पांच बजे टहलते निकले थे। वह टहलने के बाद अक्सर दूध लेकर घर आते थे। जब वह कंचनजंघा मार्केट स्थित मदर डेयरी से दूध लेकर काफी देर तक नहीं लौटे तो प्रदीप ने उन्हें तलाशना शुरू किया।

# नोएडा में गर्मी से महिला समेत दो की मौत

## हीटवेव की चपेट में आने की आशंका; दोनों शव की शिनाख्त नहीं

एजेंसी

नोएडा। नोएडा में मेट्रो स्टेशन के पास एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। दोनों के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। नोएडा के थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास एक महिला अचेत अवस्था में मिली।

उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले काफी दिनों से बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन के आस-पास रहकर आने-जाने वाले लोगों से पैसे मांगकर जीवनयापन करती थी।

बताया गया कि भीषण गर्मी की चपेट में आने से महिला की मौत हो सकती है। अज्ञात महिला के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मृतका के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है।

प्रथम दृष्ट्या देखने से मृतका पहाड़ी या नेपाली मूल की प्रतीत हो रही है। शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास एक 60 साल के व्यक्ति का शव मिला।

नोएडा के थाना सेक्टर-58 प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। बताया गया कि मृतक रिक्शा चालक था। संभवत- हीटवेव की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। पुलिस शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# वन ऐप की समस्याओं का तत्काल समाधान होगा

## नोएडा में सीईओ बोले- लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई होगी



**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में नोएडा वन ऐप का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायत मिलती है। इसकी समीक्षा सीईओ नोएडा प्राधिकरण ने की।

ऐप में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निवारण तत्काल करने के लिए कहा। साथ ही लापरवाही बरतने वाले स्टॉफ के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वर्क सर्किल ने दो महीने में क्या काम किए इसकी रिपोर्ट तीन दिन में देने के लिए कहा।

भीषण गर्मी को देखते हुए सेक्टर-49 में लेबर चौक पर श्रमिकों के लिए शैल्टर का निर्माण करने और वाटर कूलर लगाने के निर्देश दिए। टॉयलेट में पानी की अनुपलब्धता की शिकायतें मिल रही है। जिनको ठीक किया जाए। बैठक के दौरान सिविल परियोजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया गया। इसमें सेक्टर-151ए एवं प्रशासनिक भवन व सेक्टर-96 परियोजना के बजट में बढ़ोतरी की जांच के लिए अलग-अलग समिति का गठन किया गया।

गोल्फ कोर्स, सेक्टर-151ए के बजट का परीक्षण करने के लिए विशेष कार्याधिकारी (एमपी), अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसपी) एवं वित्त नियंत्रक की 3 सदस्य समिति गठित की गई। प्रशासनिक भवन, सेक्टर-96 के बजट का परीक्षण करने के लिए अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसके), विशेष कार्याधिकारी (एमपी) एवं वित्त नियंत्रक की 3 सदस्य समिति गठित की गई।

### छह परियोजना पर रहेगी नजर

उद्यान विभाग द्वारा विभिन्न परियोजनाओं जिसमें ग्लास हाउस, क्लॉक टावर, जापानी परगोला, मंडपम का प्रस्तुतिकरण कर इनको जमीन पर उतारने के लिए कहा गया।

सोरखा तालाब के लिए बजट गठित कर स्वीकृति के लिए रखा जाए।

उद्योग मार्ग-मॉडल रोड एनआईटी स्वीकृत है। आचार संहिता के बाद टेंडर जारी किया जाएगा।

एक्सप्रेस-वे पर 16.900 पर अंडर पास का निर्माण सैद्धांतिक स्वीकृति के लिए प्रेषित किया गया। एक्सप्रेस-वे पर 6.100 पर अंडर पास का निर्माण में बजट का परीक्षण किया जा रहा है।

नाले के ऊपर क्योस्क परियोजना का आचार संहिता के बाद टेंडर जारी किया जाएगा।

गोदावरी, सेक्टर-110 एवं वीडी एस मार्केट का नवीनीकरण का बजट का प्रक्रिया की जा रही है।

# यीडा के ये 2 सेक्टर बनेंगे हायर एजुकेशन हब

## देश-विदेश के कई विश्वविद्यालय दिखा रहे दिलचस्पी

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-17 और 22श्च शैक्षिक हब के रूप में विकसित होंगे। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट आने से यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालय दिलचस्पी दिखा रहे हैं। वहीं, जून में सेक्टर-22ई में दिव्यांग और ऑटिज्म बीमारी से पीड़ित बच्चों के लिए स्कूल खोलने की योजना है। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-22 ई और सेक्टर-17 को विश्वविद्यालयों के केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। फिलहाल सेक्टर-22ई में तीन विश्वविद्यालय जेबीएम, नरसी मोनजी और फोर स्कूल निर्माणाधीन हैं। इस सेक्टर में छह विश्वविद्यालयों को जमीन आवंटित करने की योजना है, जबकि सेक्टर-17ए में दो विश्वविद्यालय गलगोटिया और नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी का पहले से संचालन किया जा रहा है। अब यहां पर ऑटिज्म यानि की मानसिक विकार से जुड़ी बीमारी से पीड़ित बच्चों और हर प्रकार के दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष स्कूल खोलने की भी तैयारी चल रही है।

बता दें कि ऑटिज्म पीड़ित बच्चों के लिए 10 हजार वर्गमीटर और दिव्यांग बच्चों के लिए 20 हजार वर्गमीटर में स्कूल खोलने का मौका दिया जाएगा। जून में स्कीम निकाली जाएगी। इसके अलावा अस्पताल, नर्सिंग होम, वृद्ध आश्रम, प्रशिक्षण केंद्र, धार्मिक इमारतें आदि बनाने को लेकर भी योजनाओं पर काम चल रहा है।

### सेक्टर में सिर्फ स्कूल-कॉलेजों को भूमि आवंटित होगी

यमुना सिटी में नोएडा एयरपोर्ट का संचालन होना है। इसके मद्देनजर यमुना प्राधिकरण ने क्षेत्र में विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थानों को विकसित करने पर बल देना शुरू कर दिया है। बसावट से पहले यहां पर कॉलेज व स्कूलों का निर्माण शुरू कराने की तैयारी है।

### सेक्टर-17ए में 95 प्रतिशत भूखंडों का आवंटन

संस्थागत सेक्टर 17 में कुल भूखंडों की संख्या 89 है। इनके क्षेत्रफल अलग-अलग है। प्राधिकरण के अनुसार अभी तक 85 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। 80 प्रतिशत से अधिक सेक्टर में मूलभूत सुविधाएं तक विकसित हो चुकी है। वहीं, सेक्टर-22ई में कुल 81 भूखंड हैं, जिनमें से 41 का आवंटन हुआ है। शेष भूखंडों पर विश्वविद्यालय समेत विभिन्न प्रकार के दफ्तरों के निर्माण को प्राधिकरण अगले महीने स्कीम शुरू करेगा। इस सेक्टर में शत प्रतिशत सुविधाएं विकसित करने का दावा किया गया है।

यमुना सिटी के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि सेक्टर-22ई और सेक्टर-17ए को शैक्षिक हब के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पर मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है।

# ग्रेनो वेस्ट को साफ सुथरा बनाने की कार्ययोजना तैयार

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों सहित 45 से अधिक गांवों को साफ सुथरा बनाने की कार्ययोजना पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने काम शुरू कर दिया है। इस दौरान अवैध कालोनियों और मलिन बस्तियों की भी सफाई कराई जाएगी। सबसे पहले यह पता लगाया जाएगा कि कहां पर कितना और किस तरह का कूड़ा पड़ा है। इसके लिए एजेंसी का चयन करने के लिए निविदा निकाली जा चुकी है। वहीं कूड़ा हटाने के बाद शहर को गंदा करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा को दो भागों में बांटकर सुंदर बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। प्रथम चरण में भाग-2 यानी ग्रेटर नोएडा वेस्ट की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है। एजेंसी के माध्यम से प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले सेक्टर और गांवों का सर्वे करा जानकारी जुटाई जाएगी कि कहां कितना कूड़ा पड़ा है। इसके अलावा सर्वे टीम आवासीय सोसाइटी, व्यावसायिक क्षेत्र, होटल, झुग्गी बस्ती, साप्ताहिक मार्केट, अवैध कालोनियों, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, औद्योगिक क्षेत्र, रेस्टोरेंट, ढाबा आदि पर जाकर यह भी देखेगी कि साफ सफाई की क्या व्यवस्था है। उसके अनुसार भी रिपोर्ट तैयार की जाएगी, ताकि आगे की कार्ययोजना बनाने में आसानी हो। किसानों को जमीन अधिग्रहण के एवज में मिलने वाले 6 फीसदी आबादी भूखंडों को भी सर्वे में शामिल किया गया है। प्राधिकरण की योजना के मुताबिक महाअभियान चलाकर साफ सफाई कराई जाएगी।

# निर्माणाधीन फैक्टरी से लाखों का सामान चोरी

मोदीनगर। मुरादनगर थानाक्षेत्र के गांव मिल्क रावली स्थित निर्माणधीन फैक्ट्री में देर रात को बदमाश लाखों रुपए की कीमत का सामान चोरी करके ले गए। पीड़ित ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने फैक्ट्री का मौका मुआयना किया है।

गांव रावली कलां निवासी विशाल त्यागी ने बताया कि मिल्क रावली गांव के पास बीएंडटी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फैक्ट्री का निर्माण कार्य चल रहा है। बताया कि देर रात चोर दीवार फांदकर फैक्ट्री में दाखिल हुए और छह नई पुरानी मोटर, ऑक्टसीजन सिलेंडर चार, गेंडर मशीन, ड्रिल मशीन, लोहे की एंगल समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गये।

विशाल त्यागी ने बताया कि निर्माणधीन फैक्ट्री से करीब 9 लाख रुपये कीमत का सामान चोरी हुआ है। वारदात की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी ने मौका मुआयना किया। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि वारदात की जांच की जा रही है, पुलिस विभिन्न बिंदूओं पर जांच कर रही है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# मोटो जीपी में फेयर स्ट्रीट स्पोर्ट्स ने 11 कंपनियों के 37 करोड़ दबाए

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। दुनिया के पसंदीदा खेलों में शुमार मोटो जीपी रेस का भारत में पहली बार आयोजन कराने वाली कंपनी फेयर स्ट्रीट स्पोर्ट्स ने पिछले वर्ष सितंबर में हुए आयोजन में शामिल 11 कंपनियों के 37 करोड़ रुपये दबा लिए हैं। इतना ही नहीं, अलग-अलग कामों में लगी कंपनियों के सामान भी गैर कानूनी तरीके से रखवा लिए थे।

यह खुलासा जेवर विधायक की शिकायत पर यमुना प्राधिकरण की गठित टीम की जांच में हुआ है। प्राधिकरण की रिपोर्ट में मोटो जीपी रेस की व्यवस्था में लगी 11 कंपनियों का 37 करोड़ रुपए बकाया होने की बात सामने आई है। अब कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के लिए प्राधिकरण शासन को रिपोर्ट भेजेगा।

सितंबर 2023 में मोटो जीपी रेस के आयोजन के बाद बकाए को लेकर अलग-अलग कंपनियों के प्रतिनिधि प्राधिकरण पहुंचे थे। इसके बाद जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने प्राधिकरण और शासन को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी।

प्राधिकरण की टीम ने इस मामले में जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट के अनुसार बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक का 18 करोड़ रुपये किराया भी बकाया है।

जेपी बिल्डर को ट्रैक का किराया नहीं दिया गया है। एगकोंन एक्यूपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, शक्ति ग्रीन प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड, नवीन ट्रिमिक्स फ्लोरिंग, रवींद्र सिंह ट्रिमिक्स ने ट्रैक के रखरखाव को दो माह तक मशीनें किराये पर दी थीं, जिसका लगभग पांच करोड़ बकाया है।

रेस के दौरान सुरक्षा संबंधी सेवाओं के लिए नेशनल डिटेक्टिव सिक्योरिटी एंड एलाइड मैनेजमेंट कंपनी से 22.49 लाख रुपए का एग्रीमेंट हुआ था।

सालिटियर इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन ने ट्रैक की मरम्मत व रखरखव का कार्य किया था, जिसका छह करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया गया।

हितांशी ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड ने रेस के दौरान होटल रूम किराये पर दिए थे, जिसका 53.33 लाख बकाया है। विश्वकर्मा फैसीलिटी प्राइवेट लिमिटेड का हाउसकीपिंग का 20 लाख रुपए बकाया है।

इसके अलावा इसके अलावा संभल के गुन्नौर निवासी योगेंद्र यादव, नोएडा के सेक्टर-34 निवासी विवेक कुमार सिंह और देवेंद्र सिंह ने आरसीसी की डायमंड कटिंग का कार्य किया था।

उनका सामान गैरकानूनी तरीके से रख लिया है। उधर, इस वर्ष सितंबर में प्रस्तावित मोटो जीपी बाइक रेस के आयोजन के लिए कंपनी का चयन किया जाना है।

ऐसे में प्राधिकरण अभी अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपकर बताएगा कि पहली रेस कराने वाली कंपनी का ट्रैक रिकॉर्ड खराब है।

# शार्ट न्यूज

## मुठभेड़ में चेन स्नेचर को गोली लगी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में सोमवार रात पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से गोलियां चली। इसमें एक स्नैचर गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी के कब्जे से लूटी गई सोने की तीन चेन रिकवर हुई हैं। वो चोरी की बाइक से स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देता था। साहिबाबाद क्षेत्र के एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया, सोमवार देर रात जीटी रोड रेलवे स्टेशन कट के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। तभी एक संदिग्ध मोटर साइकिल दिल्ली की तरफ से आती हुई दिखाई दी। जिसे पुलिस द्वारा रोकने का इशारा किया गया। बाइक सवा रुका नहीं और रेलवे स्टेशन की तरफ मुड़कर भागने लगा। हड़बड़ाहट में बाइक पटरी के पास गिर गई और उस पर बैठा व्यक्ति फायरिंग करके पैदल भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। जो बदमाश के पैर में जा लगी। पकड़ा गया बदमाश फैजान उर्फ अठठे है। ये दिल्ली में मुस्तफाबाद स्थित नेहरू विहार का रहने वाला है। आरोपी के कब्जे से सोने की तीन चेन बरामद हुई हैं जो उसने साहिबाबाद और कौशांबी थाना क्षेत्र से लूटी थीं। इसके अलावा चोरी की बाइक, तमंचा और कारतूस भी रिकवर हुआ है। एसीपी ने बताया कि बदमाश से पूछताछ की जा रही है। कुछ और वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।

## पुलिस ने तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार

मोदीनगर। मुरादनगर में महिला व युवक से मोबाइल लुट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटे गए दो मोबाइल, दो बाइक बरामद की है। बता दे गांव धेदा निवासी अभिषेक कुमार देर रात को पैदल दिल्ली मेरठ मार्ग से बिजली सब स्टेशन पर जा रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर बस स्टेंड के पास पहुंचे तो बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल लुट लिया। इसके अलावा जलालपुर रोड पर रात को पैदल जा रही महिला बबीता से भी बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया। युवक व महिला ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों की रिपोर्ट दर्ज कर ली।एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि महिला व युवक से मोबाइल लुट करने वाले बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह सूचना पर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम शिवम निवासी रेलवे रोड व फरमान निवासी ईदगाह कॉलोनी और तीसरा बदमाश नाबालिग है। उन्होंने बताया कि शिवम ने महिला से मोबाइल लूटा था, जबकि फरमान व नाबालिग ने युवक अभिषेक कुमार से मोबाइल लूटा था। पलिस ने बदमाशों के पास से लूटे गए मोबाइल व दो बाइक भी बरामद की है।

## गाजियाबाद में युवक की गोली मारकर हत्या



गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र में एक युवक का शव मिला है। युवक के सिर में गोली मारकर हत्या की गई है। युवक की उम्र 25 से 30 साल के बीच की है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गाजियाबाद में एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया की थाना लोनी क्षेत्र के गढ़ी सबलू गांव में एक युवक का शव मिला है। युवक के सिर से अधिक मात्रा में खून बहता मिला है। युवक के सिर में गोली मारी गई है। सुबह खेत पर जा रहे ग्रामीणों ने पुलिस को शव मिलने की सूचना दी है। पुलिस मौके पर पहुंची और उसने पंचायतनामा भर के युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। कपड़ों से युवक मध्यम वर्गीय परिवार का लग रहा है मृतक की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच की है। युवक के शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

## महिला के साथ पार्क में बनाई गई अश्लील रील सोशल मीडिया पर वायरल

नोएडा। पार्क में महिला साथी के साथ अश्लील रील बनाकर उसे सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल करने का मामला सामने आया है। रील यूट्यूबर शेर सिंह द्वारा बनाई गई है और उसी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसे डाला गया है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए सेक्टर-58 पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। अश्लील रील के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर दोनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है। सोशल मीडिया पर मंगलवार को चार से पांच वीडियो व रील वायरल हुई। वायरल वीडियो में युवक युवती के साथ पार्क में अश्लील रील बनाते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें गंदे और आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह वीडियो सेक्टर-62 के डी पार्क का बताया जा रहा है। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ यूजर ने वीडियो में कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों को टैग करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग शुरू कर दी। सेक्टर-58 पुलिस द्वारा की जा रही जांच के क्रम में सामने आया है कि यूट्यूबर शेर सिंह उर्फ शेर भाई के खिलाफ पूर्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में सेक्टर-63 पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है।

## मजदूरों ने मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति मार डाला

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट में निर्माणाधीन साइट पर शराब पी रहे मजदूरों से शराब मांगने पर मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को जान गंवानी पड़ गई। शराब के नशे में धुत मजदूरों ने लाठी डंडे से पीट कर मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मजदूरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 58 वर्षीय संतु भाटी बिसरख गांव में परिवार के साथ रहता था। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि संतु मानसिक रूप से कमजोर था। वह घर से इधर-उधर घूमता रहता था। सोमवार की शाम ग्रेनो वेस्ट में निर्माणाधीन अस्पताल के साइट पर काम करने वाले दो मजदूर शराब पी रहे थे। इस बीच संतु घूमता फिरता इनके पास पहुंच गया। संतु ने मजदूरों से शराब पिलाने के लिए कहा, लेकिन मजदूरों ने शराब देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर संतु का आरोपियों से झगड़ा हो गया। आरोप है कि मजदूरों ने डंडे और सरिया से संतु पर हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से घायल संतु को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में संतु के परिजनों द्वारा बिसरख कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया गया था।

## बिजली उपकेंद्रों पर नए ट्रांसफार्मर लगाए गए

नोएडा। भीषण गर्मी के साथ ही बिजली की मांग बढ़ने से बिजली उपकेंद्रों पर लगे ट्रांसफार्मर भी जवाब देने लगे हैं। ऐसे में बिजली उपकेंद्रों पर लगे ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की गई है। तीन बिजली उपकेंद्रों पर तीन नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं।विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार वैश्य ने बताया कि सेक्टर-129 स्थित 220 केवी के बिजली उपकेंद्र पर 100 एमवीए का क्षतिग्रस्त बिजली ट्रांसफार्मरों के स्थान पर 100 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। दादरी के धूम मानिकपुर पांच एमवीए और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सुदामापुरी बिजली उपकेंद्र पर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इससे ग्रेने वेस्ट के लोगों को निर्बाध आपूर्ति मिल सकेगी। इसके साथ ही अधिक ओवरलोड चल रही बिजली लाइनों की क्षमता वृद्धि की गई है। गर्मी में बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए सामान्य रूप से बिजली ढांचे को सुदृढ़ करने के कार्यों पर रोक लगा दी गई है। ताकि, शट डाउन की वजह से लोगों को कटौती का सामना नहीं करना पड़े। बिजली ढांचे को सुधारने के लिए नए काम शुरू नहीं किए जा रहे। शेष कार्यों में भी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यों को ही कराया जा रहा है।

# यूपी में आगरा सबसे गर्म, पारा 49 के पार

## संभल में गर्मी से फटी सड़क; 12 जिलों में लू का अलर्ट



कानपुर। नौतपा के चौथे दिन उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। आगरा में पारा 2.30 बजे के बाद 49 डिग्री पार कर गया। दोपहर 2.30 बजे प्रयागराज का पारा 48.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। इस सीजन में पहली बार वाराणसी का पारा 47 डिग्री पहुंचा है।

संभल में गर्मी से सीसी सड़क फट गई। इसकी पूरी फुटेज सीसीटीवी में कैद हो गई। आसपास के लोगों का कहना है कि सीसी सड़क में गर्मी के चलते गैस बन गई थी। इसी वजह से सड़क फटी है।

यूपी में सोमवार को भीषण गर्मी की वजह से 10 लोगों की जान चली गई। आगरा में 26 साल का रिकॉर्ड टूट गया, जहां पारा 49.3 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। इससे पहले 27 मई 1998 में आगरा का अधिकतम तापमान 48.6 डिग्री तक पहुंचा था। नौतपा के तीसरे दिन सोमवार को झांसी में 132 साल बाद इतनी गर्मी पड़ी। जहां सोमवार को 48.1 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, 20 मई 1892 को भी पारा 48.1 डिग्री तक गया था।

उत्तर प्रदेश में सोमवार को गर्मी से जान गंवाने वालों में लखनऊ के 3, चित्रकूट के 3, महोबा के 2, हमीरपुर और औरैया के एक-एक शामिल हैं। मौसम विभाग ने आज भी 54 शहरों के लिए हीटवेव की चेतावनी जारी की है।

### मौसम विभाग की सलाह- दोपहर में बच्चे-बुजुर्ग बाहर न निकलें

सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. सुनील पांडेय ने कहा- सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक जरूरत न हो तो घर से बाहर न निकलें। बाहर निकलना भी है, तो पानी पीकर ही निकलें। खाली पेट न रहें। सिर को सफेद कपड़े से ढक कर ही निकलें और हल्के कपड़े पहनें। बच्चे और बुजुर्ग बाहर जाने से बचें।

## प्रयागराज में यमुना में डूबने से दो किशोर की मौत

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के दरियाबाद क्षेत्र में सोमवार को यमुना में स्नान करने गए तीन किशोर सोमवार को यमुना में नहाते समय डूब गये। एक को बचा लिया गया जबकि दो की डूबने से मौत हो गयी। जल पुलिस प्रभारी जनार्दन प्रसाद साहनी ने बताया कि खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के अटाला इलाके के रहने वाले नूमान (16) अपने दोस्त फैज (15) और बबलू के साथ दोपहर में दरियाबाद के जोगीघाट पर नहाने गये थे। तीनों किनारे पर नहाने लगे। इसी बीच नूनान और फैज थोड़ा आगे निकल गए और गहरे पानी में समा गए। उन्हें डूबते देख लोगों ने शोर मचाया। आवाज सुनकर मल्लाह पानी में कूद गए और बबलू को बचा लिया गया जबकि तेज बहाव होने के कारण दोनों पानी में डूब गए। उन्होंने ने बताया कि यह प्रतिबंधित क्षेत्र है बावजूद इसके सीमा क्षेत्र से आगे लोग स्नान करने के लिए बढ़ जाते हैं तभी घटना घटित होती है। उन्होंने बताया कि युवकों के डूबने की खबर पाकर पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया। गोताखोर टीम ने दोनों किशोर के शव को बाहर निकाला ।पुलिस ने दोनो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कानपुर में वाहन चोर गिरोह का खुलासा

# 3 को पकड़ा; 13 बाइक बरामद



कानपुर। कानपुर की हनुमंत विहार थाने की पुलिस ने मंगलवार को वाहन चोरों के गिरोह को अरेस्ट कर लिया है। तीन शातिर चोरों को 13 चोरी की बाइकों के साथ अरेस्ट किया है। जांच में सामने आया कि पकड़े गए तीनों शातिर पेशेवर चोर हैं। 36 मुकदमों की हिस्ट्रीशीट होने के साथ ही चोरी के कई मामलों में सजा याफ्ता भी हैं। हनुमंत विहार पुलिस ने तीनों को अरेस्ट करने के बाद जेल भेज दिया।

### हाईटेक तरीके से करते थे चोरी, कभी मौके से पकड़े नहीं गए

डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए तीनों शातिर वाहन चोरों की पहचान बिधनू के इकडरिया गांव में रहने वाले कुलदीप यादव, मोहन सिंह यादव और रोहित यादव के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान तीनों ने बताया कि किसी भी मार्केट में वाहन चोरी करने के लिए जाते हैं।
कोई भी व्यक्ति अपनी दो पहिया वाहन खड़ा करके बाजार में जाता है तो एक व्यक्ति उसके पीछे-पीछे चला जाता है। दूसरा व्यक्ति बाइक का लॉक तोड़कर गाड़ी चोरी कर लेता है और वहां से भाग जाता है। दोनों आपस में मोबाइल से कनेक्ट रहते हैं।
अगर बाइक खड़ी करने वाला फौरन लौटता है तो उसकी लोकेशन बताता रहता है। इससे कि बाइक चोरी करने से पहले मालिक मौके पर नहीं पहुंच सके। इस वजह से शातिर कभी भी बाइक चोरी करते समय पकड़े नहीं जाते थे।
चोरी के वाहनों को बिधनू के साथ ही अलग-अलग और अपने नजदीकियों के यहां खड़ी कर देते थे। इससे किसी को चोरी के गाड़ियां बड़े पैमाने पर एक साथ इकट्ठा नहीं हो पाती थी। इसके साथ ही शातिरों के पास से ढेर सारी मास्टर चाबी भी बरामद हुई है। जिससे पलक झपकते किसी भी बाइक का लॉक तोड़ देते थे। तीनों के पास से अलग-अलग ठिकानों से चोरी की 13 बाइकें बरामद हुई हैं। पुलिस ने शातिर चोरों से पूछताछ के बाद तीनों को कोर्ट में पेश किया और जेल भेज दिया गया।

## भोजन में धतूरे का पत्ता खाने से मिजोरम पुलिस के जवान बीमार

बलिया। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के हल्दी थाना क्षेत्र में चुनाव ड्यूटी में आए मिजोरम आर्मी पुलिस के सात जवानों की हालत भोजन के साथ धतूरे का पत्ता खाने से बिगड़ गई। घटना के बाद जवानों को बलिया जिला अस्पताल में भर्ती गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मिजोरम आर्मी पुलिस के उपनिरीक्षक प्रदीप केआर ने मंगलवार को बताया कि सभी मिजोरम आर्मी पुलिस का जवान है तथा 2024 के लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में बलिया आए हुए हैं। सभी जवान हल्दी थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूलों में ठहरे हुए थे। मंगलवार की सुबह उन्होंने भोजन में मटन में धतूरे का पत्ता मिला कर पकाया था। धतूरे का पत्ता मिलाकर मटन खाने के बाद सात जवानों की हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल लाया गया है।

जिला अस्पताल के चिकित्सक मुख्तार यादव ने बताया कि कुल सात जवानों को मटन के साथ धतूरे का पत्ता खाने की वजह से तेज बुखार और बेचैनी की शिकायत हुई थी। जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल लाया गया है।

## ईवीएम का वाहन रोकने पर दो-नामजद व 50-अज्ञात पर एफआईआर

जौनपुर। लोकसभा क्षेत्र जौनपुर व मछलीशहर में बीते 25 मई को मतदान खत्म होने के बाद मतगणना स्थल पर पहुंची ईवीएम लदी डीसीएम को रोककर शनिवार को सपा कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया था।

जिसको लेकर पुलिस ने दो नामजद व 50 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस के मुताबिक सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने को लेकर कार्रवाई की गई है। पहले से धारा 144 लागू होने के कारण इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने सचेत किया था।

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बने मतगणना स्थल पर शनिवार की शाम जौनपुर व मछलीशहर लोकसभा का मतदान खत्म होने के बाद रिजर्व ईवीएम लदी डीसीएम मतगणना स्थल पर पहुंच गई थी।

### ईवीएम को निजी वाहन से कलेक्ट्रेट पहुंचाया जाना था

इसके बाद सपा कार्यकर्ताओं ने डीसीएम को रोककर हंगामा शुरू कर दिया था।

उस समय जिलाधिकारी ने कहा कि उन ईवीएम को निजी वाहन से कलेक्ट्रेट पहुंचाया जाना था। संबंधित अधिकारी की ड्यूटी में लापरवाही के चलते ईवीएम कलेक्ट्रेट के बजाय पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बने मतगणना स्थल पर पहुंच गई थी।

मतगणना स्थल के बाहर ही सपा कार्यकर्ताओं ने गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया था। सपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ईवीएम में गड़बड़ी करने को लेकर इस प्रकार का कृत्य किया गया है। जानकारी के तुरंत बाद जिलाधिकारी व एसपी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचकर सपा कार्यकर्ताओं को समझाने में जुट गए।

### सरायख्वाजा में एफआईआर दर्ज

सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा ने अपने कार्यकर्ताओं को समझाया और हंगामा न करने का आग्रह किया था। पुलिस के मुताबिक जिले में धारा 144 लागू होने के कारण शांति व्यवस्था व सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने को लेकर सभासद जगदीश मौर्य उर्फ गप्पू निवासी कोतवाली, रमेश मौर्य निवासी सरायख्वाजा व 50 अज्ञात पर सरायख्वाजा में एफआईआर दर्ज किया गया।

सीओ परमानंद कुशवाहा ने बताया कि प्राइवेट वाहन में लदे ईवीएम को रोककर झूठी अफवाह फैलाने व सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने को लेकर यह कार्रवाई की गई है। इसमें दो नामजद व 50 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश भी दी जा रही है।

# लखीमपुर में प्रेमिका से मिलने गए युवक की हत्या

## युवती ने फोन करके बुलाया, पिता और भाई ने पीट-पीट कर मार डाला; युवती को भी पीटा



लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में प्रेमिका से मिलने गए युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि वह अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। तभी प्रेमिका के घरवालों ने उसे पकड़ लिया। जहां उसे पीट-पीटकर अधमरा कर दिया।

किसी तरह से युवक ने अपने मोबाइल से यूपी 112 पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे लड़की के घर से बाहर निकाला। पुलिस उसे अस्पताल ले जाती। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक युवक और प्रेमिका का भाई आपस में साले बहनोई है। प्रेमिका को भी परिवार के लोगों ने पीटा है। वह भी मेडिकल कॉलेज मोतीपुर में एडमिट है।

थाना नीमगांव के गांव मिर्जापुर निवासी 22 वर्षीय नागेश का गांव की ही एक युवती से 5 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मंगलवार की तड़के करीब 5 बजे युवती ने युवक को फोन करके मिलने के लिए बुलाया था। युवक 5 बजे मिलने के लिए युवती के घर गया। तभी युवती के भाई ने दोनों को मिलते हुए देख लिया। भाई ने इसकी सूचना पिता को दी।

### युवक ने खुद दी पुलिस का सूचना

इसके बाद घर वालों ने युवक को पकड़ लिया। युवती के भाई और पिता ने युवक पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। इस दौरान युवती युवक को छुड़ाती रही, लेकिन पिता और भाई नहीं माने। इसी बीच मौका पाकर युवक ने यूपी 112 पुलिस को फोन करके सूचना दे दी।

### हत्यारोपी मौके से फरार

सूचना पाकर सीओ, एसओ और यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने उसे लहूलुहान हालत में युवती के के घर से बाहर निकाला। पुलिस उसे अस्पताल ले जाती। इससे पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया ।वहीं प्रेमिका को भी परिवार के लोगों ने जमकर पीटा है। वह भी मेडिकल कॉलेज मोतीपुर में एडमिट है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ श्रद्धा सिंह ने बताया कि हत्यारोपी मौके से फरार हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### दोनों की घर की दूरी 50 मीटर

पड़ोसियों ने बताया कि लड़की का घर लड़के के घर से 50 मीटर की दूरी पर है। मृतक युवक व उसकी प्रेमिका एक ही बिरादरी के हैं। दोनों के बीच पिछले 5 सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पिछले दिनों से युवती के परिवार वालों को दोनों के बीच प्रेम प्रसंग की जानकारी हुई थी, जिसके बाद से परिवार के लोग प्रेमी युगल पर नजर रख रहे थे।

# बस्ती में नदी के किनारे मिला युवक का शव

**ग्रामीणों ने जताई हत्या की आशंका, कहासुनी होने पर घर से चला गया था**

बस्ती। बस्ती में मंगलवार को मनोरमा नदी किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक का शव देख ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना छावनी थाना क्षेत्र के भगवानपुर के पास की है। युवक की पहचान मनीष कुमार निवासी देवकली रानी थाना छावनी के तौर पर हुई है । परिजनों ने बताया कि 26 मई की रात घर में मामूली कहासुनी होने पर मनीष नाराज होकर घर से बाहर चला गया था। इसके बाद से वह घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन भी की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। मंगलवार को पता चला कि उसका शव नदी किनारे पड़ा हुआ है। मनीष सूरत में नौकरी करता था। उसकी पत्नी और दो बच्चे सूरत में उसके साथ रहते थे। कुछ दिन पूर्व गांव आया था, बीवी व उसके बच्चे सूरत में ही हैं। मनीष की हत्या हुई है या आत्महत्या किया गया है। यह घटना पुलिस के लिए पहेली बन गई है।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चलेगा कारण

सीओ अशोक मिश्रा ने बताया कि मनोरमा नदी के किनारे शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। युवक की पहचान कर ली गई है।

# भीषण गर्मी के चलते नगर क्षेत्र में मचा हाहाकार

**कई वार्डो के नल हुए खराब बूंद बूंद पानी को तरस रहे नगर के बाशिंदे**

सीतापुर। इस वक्त मौसम की भीषण तपन ने सभी का जीना दुश्वार कर रखा है ।चाहे वह मनुष्य हो या पशु पक्षी। ऐसी भीषण गर्मी में सभी बेहाल हैं। ऐसी हालत में उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिम्मेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी हैंड पम्पों को दुरुस्त कराकर वाशिंदों को बेहतर पेय जल सुविधा करायी जाये एवं पशु पक्षियों के लिए तालाब भरवाये जांय। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के बावजूद जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव क्षेत्र में अधिकांश हैंडपंप खराब होने के साथ-साथ तालाब भी सूखे पडे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की हरगांव नगर पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत हरगांव गंज,तीर्थ वार्ड,गुरूदेवनगर, मुरादनगर में अधिकांश इण्डिया मार्का नल काफी दिनों से बिगड़े पड़े है। इस वक्त पड़ रही भीषण आग उगलती सूर्यदेव की किरणें अपनी तबाही की इबारत लिखने में मशगूल है ।वहीं पर नगर पंचायत हरगाँव के जिम्मेदार अधिकारी सूचना मिलने के बावजूद भी कानों में तेल डाले बैठे है ।वार्ड मुरादनगर के सभासद शुएब खां ने बताया कि मुरादनगर के खलिहान के पास लगा इण्डिया मार्का नल काफी दिनों से खराब पडा है ।इस कड़क चिलचिलाती धूप में भीषण गर्मी की मार झेल रहे वार्ड वासी एक एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। नगर पंचायत हरगांव के मुरादनगर वार्ड के सभासद शोएब खान ने बताया कि मेरे द्वारा व्यक्तिगत रूप से नगर पंचायत के अधिकारियों को खराब हैंड पंपों की तत्काल मरम्मत कराने के लिए सूचित भी किया जा चुका है ।लेकिन नगर पंचायत हरगांव के जिम्मेदारअधिकारी गण कानों में तेल डालकर कुंभकर्णी नींद में मस्त रहकर उत्तर प्रदेश सरकार की स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मंशा को ग्रहण लगने में मशगूल हैं।

## हरदोई में गर्मी से बढ़ी मरीजों की संख्या

हरदोई। हरदोई के बिलग्राम में गर्मी की वजह से सरकारी अस्पताल में बुखार और उल्टी-दस्त के मरीजों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मंगलवार को सीएचसी बिलग्राम में 20 मरीजों को भर्ती किया गया, जबकि अन्य मरीज दवा लेकर लौट गए। डॉक्टर मरीजों को गर्मी से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। सुबह 8 बजे से 2 बजे तक अस्पताल में 400 लोगों ने पर्चा बनवाकर दवाइयां लीं। इसमें 200 मरीज उल्टी-दस्त के थे। डॉक्टरों ने सभी मरीजों को देखकर दवा दी। 20 मरीजों को भर्ती कर उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। मई माह में, जो तापमान है, वह बीस साल में पहली बार उच्चतम पर पहुंचा है। मई माह में जून माह का भी रिकार्ड टूट गया है। गर्मी के चलते उल्टी-दस्त समेत अन्य बीमारियों के रोगियों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। दिन-प्रतिदिन बढ़ती गर्मी का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिख रहा है। सरकारी अस्पताल में आने वाले रोगियों की संख्या बढ़ गई है। इस समय गर्मी के चलते इन दिनों उल्टी-दस्त के रोगी बढ़े हैं।

# मतगणना की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी, डीएम ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक



ललितपुर। अमरपुर मण्डी में 4 जून को प्रात: 8 बजे शुरु होगी मतगणना मतगणना हेतु प्रत्येक विधानसभावार लगेंगी 21-21 टेबिल स्वच्छ छवि वाले व्यक्ति ही बनाये जायेंगे मतगणना एजेन्ट, मीडियाकर्मी अपने मोबाइल फोन मीडिया सेन्टर तक ही ले जायेंगे मतगणना स्थल पर शस्त्र, मोबाइल, ज्वलनशील पदार्थ व बीड़ी-माचिस ले जाना रहेगा प्रतिबंधित। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 4 जून 2024 को अमरपुर मण्डी में संपन्न होने वाली मतगणना के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने बताया कि नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति, अमरपुर ललितपुर में प्रात: 08 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ कराया जाना है। मतगणना कार्य की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए आयोग के आवश्यक दिशा-निर्देशों एवं पारदर्शी, निष्पक्ष व सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं मीडिया बंधुओं को आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु आज इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जनपद में 04 जून 2024 को अमरपुर मण्डी स्थल पर मतगणना सम्पन्न की जाएगी। उन्होंने बताया कि 04 जून को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि प्रात: 6:30 मतगणना स्थल पर उपस्थित हो जायें, राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ही दोनो विधानसभाओं के स्ट्रॉन्ग रूम खोले जायेंगे, इसके पश्चात प्रात: 8 बजे से मतगणना प्रारंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि 226-ललितपुर की मतगणना चबूतरा संख्या-01 तथा 227-महरौनी की मतगणना चबूतरा संख्या-02 पर सम्पन्न होगी। मतगणना हेतु प्रत्येक विधानसभा हेतु 22-22 टेबल लगायी गई हैं, जिसमें 21 टेबिल मतगणना हेतु एवं 1 टेबिल एआरओ के लिए निर्धारित हैं। विधानसभा महरौनी की मतगणना 25 राउंड विधानसभा ललितपुर की मतगणना 26 राउंड में सम्पन्न होगी।

# शार्ट न्यूज

## आग से बचाव को अग्निशमन अधिकारी ने बताए उपाय



ललितपुर। उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदेश में बढ़ते तापमान के कारण सम्भावित अग्नि दुर्घटनाओं के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त जनपदों के रेस्टोरेन्ट, अस्पताल/ नर्सिंग होम्स (विशेषकर बच्चों के अस्पताल), मॉल्स, गेमिंग जोन, वैन्क्वेट हाल व भीड़-भाड़ वाले स्थान तथा ऊँचे रिहायशी भवनों (हाईराईज बिल्डिंग एण्ड अपार्टमेन्ट) आदि में फायर ऑडिट, इवैक्युवेशन ड्रिल व अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में विशेष चेकिंग अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया उक्त क्रम में महानिदेशक, अग्निशमन तथा आपात सेवा उ0प्र0 लखनऊ के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक ललितपुर के कुशल निर्देशन में डा0 मतलूब हुसैन, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ललितपुर द्वारा फायर सर्विस टीम के साथ जनपद ललितपुर के विभिन्न स्थानों यथा नर्सिंग होम, अस्पताल, रेस्टोरेंट, मैकेनिक सर्विस सेंटर आदि पर अग्निसुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

## देशी तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

ललितपुर। महरौनी, पुलिस ने देशी तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्ष मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त रजपाल पुत्र वावू उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सिंदवाहा थाना महरौनी जिला ललितपुर को सजनाम बांध मोड पर बह्द ग्राम सिंदवाहा थाना महरौनी जिला ललितपुर से मय एक अवैध तमंचा देशी 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया ।बरामदगी के आधार पर अभियुक्त रजपाल उपरोक्त के विरुद्ध थाना महरौनी पर मु0अ0स0 141/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक रमेशचन्द्र मिश्रा उ.नि. दिलीप कुमार कटियार उ.नि. अरविन्द कुमार का. आशीष कुमार पीआरडी सत्येन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

## प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक हुई सम्पन्न

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

सीतापुर। जनपद में बाढ़ व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने तथा उनके प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से गठित जनपद स्तरीय स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद सीतापुर बाढ़ के दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील जनपद है, इसलिए सभी अधिकारी कार्यों को अत्यंत गंभीरता के साथ किया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 जून तक समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ की दृष्टि से संवेदन शील एवं अति संवेदनशील गांवों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए वहां पर गठित ग्राम स्तरीय समिति की बैठक कराना सुनिश्चित करें। सभी प्रभावित क्षेत्रों में सम्पर्क मार्गों हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ से बचाव हेतु संचालित निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराया जाये।

## कोल्ड्रिंग पीने गए ब्यक्ति की दिनदहाड़े बाजार से मोटरसाइकिल हुई चोरी

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

सीतापुर। जिले के हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हरगांव लहरपुर मार्ग पर कोरैया उदनापुर की बाजार से अपनी पत्नी को विदा कराने जा रहे व्यक्ति की मोटरसाइकिल सड़क के किनारे खड़ी कर कोल्ड ड्रिंक पीने दुकान को जाने के दरमियान चोरी हो गई ।दिनदहाड़े सड़क पर खड़ी मोटरसाइकिल पर चोरों के द्वारा हाथ साफ कर दिये जाने से लोगों में दहशत का माहौल है। घटना के बाद पीडित के पिता ने हरगांव थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली महोली के ग्राम हाजीपुर महेवा निवासी इन्द्र पाल पुत्र विश्राम ने हरगांव थाने में तहरीर देकर बताया कि 27 मई 2024 दिन सोमवार को मेरा पुत्र अंकित कुमार अपनी मोटरसाइकिल हीरो एच एफ डीलक्स यूपी 34बीएफ 7443 से अपनी पत्नी को विदा कराने हरगांव थाना क्षेत्र के गांव मंगरूवा दिन के दो बजे गया था। तभी वह रास्ते में पडने वाली बाजार उदनापुर में सड़क के किनारे बाइक खड़ी कर पास की दुकान पर कोल्ड ड्रिंक लेने चला गया। कोल्ड ड्रिंक लेने के पांच मिनट बाद जब उसने मुडकर देखा तो वहां से मोटर साइकिल गायब थी ।पीडित ने हरगांव थाने में आवश्यक कार्रवाई हेतु तहरीर दे दी है।

## शामली में सड़ा गला शव बरामद

शामली। शामली के कांधला थाना क्षेत्र के कांधला कस्बे में एक व्यक्ति का सड़ा गला शव बरामद हुआ है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक व्यक्ति के शव की घंटे तक पहचान करने का प्रयास किया। मृतक व्यक्ति के शव की कोई पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पीएम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आपको बता दें पूरा मामला जनपद शामली के कांधला थाना क्षेत्र के कांधला कस्बे के सलेमपुर मार्ग स्थित कब्रिस्तान का है। जहां लगभग एक 35 वर्ष के व्यक्ति का सड़ा गला शव मिला है। जिसकी सूचना पर आस पड़ोस के लोगों ने पुलिस को दी है। सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस और क्षेत्रीय अधिकारी कैराना सीओ अमरदीप मौर्य अन्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस द्वारा मृतक व्यक्ति के शव की घंटे तक मौके पर पहचान करने का प्रयास किया गया है, लेकिन मृतक व्यक्ति के शव की कोई पहचान नहीं हो पाई। बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पीएम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की वैधानिक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कौशांबी में घर में मिला महिला का शव

कौशांबी। कौशांबी के कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता का शव उसके घर में मिला है। महिला की मौत किन हालात में हुई इसके बारे में परिजन कुछ नहीं बता पा रहे हैं। मृतक महिला के बेटे के मुताबिक मां से झगड़ा कर पिता काम पर चले गए थे। इसके बाद वह खेलकर घर लौटा तो मां जमीन पर बेहोश पड़ी थी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। कड़ाधाम के हुजरा शरीफपुर मजरा अम्बाई बुजुर्ग गांव में फूलचन्द्र सरोज अपने पत्नी और 2 बच्चों के साथ रहता है। मंगलवार की सुबह पत्नी व पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पति फूलचन्द्र पत्नी से गुस्सा होकर बिना कुछ खाए ही काम पर चला गया। दोनों बच्चे भी गांव में खेलने चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक सुनीता का बेटा सूरज खेल कर अपने घर लौटा तो उसकी मां जमीन पर पड़ी थी। बच्चे ने उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठी। पड़ोस की चाची को बुलाकर बच्चों ने मां की हालत दिखाई। पड़ोसियों की सूचना पाकर पति फूलचन्द्र घर पहुंचा। जहां से वह सुनीता को इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले गया। डाक्टर ने सुनीता को देख कर मृत घोषित कर दिया।

## टॉरनेडो से 18 की मौत, 42 घायल

टेक्सास । अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अरकंसास राज्यों में आए टॉरनेडो के कारण 18 लोगों की मौत हो गई और 42 से ज्यादा घायल हैं। तूफान, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण लगभग 10 करोड़ लोग प्रभावित हैं। अमेरिकी मौसम विभाग ने इन तीनों राज्यों में बवंडर और भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की चेतावनी जारी की है। टॉरनेडो के कारण कई इमारतें, बिजली, गैस लाइनें और एक ईंधन स्टेशन तबाह हो गए। वाइट हाउस के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पूरी घटना पर नजर बनाए हुए हैं। मौके पर रेस्क्यू टीम को भेजा गया है। इलिनोइस, केंटकी, मिसौरी और टेनेसी शहरों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां बेसबॉल के आकार के ओले गिर रहे हैं। इसकी वजह से 40 लाख से ज्यादा लोग डर के साए में जी रहे हैं। इन राज्यों में हवा 136 से 165 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है।

## तेलंगाना की महिला की फ्लोरिडा में सड़क दुर्घटना में मौत

फ्लोरिडा । अमेरिकी विश्वविद्यालय में पढ़ रही तेलंगाना की महिला की फ्लोरिडा में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौत हो गई। यदाद्री भुवनगिरी जिले के 25 वर्षीय छात्र की फ्लोरिडा में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। गुंटिपल्ली सौम्या, जिन्होंने फ्लोरिडा अटलांटिक यूनिवर्सिटी से मास्टर की पढ़ाई पूरी की थी, 26 मई को सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी ।उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सौम्या किराने का सामान खरीदकर अपने आवास पर लौट रही थी। वह दो साल पहले पढ़ाई के लिए अमेरिका गई थी। सौम्या मास्टर डिग्री पूरी करने के बाद वह नौकरी ढूंढने की कोशिश कर रही थी। सौम्या की मौत की खबर मिलते ही उनका परिवार सदमे में आ गया। रिपोर्ट के अनुसार, उसके माता-पिता कोटेश्वर राव और बालमणि ने केंद्र और राज्य सरकारों से उसके शव को भारत वापस लाने की अपील की है। तेलंगाना के मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने सौम्या के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनके पार्थिव शरीर को वापस लाने के प्रयास हो रहे हैं। इस साल के पहले चार महीनों में अब तक अमेरिका में भारतीय और भारतीय मूल के 11 छात्रों की मौत की खबर आ चुकी है।

## इजराइल के खिलाफ पेरिस में बड़ा प्रदर्शन...10 हजार लोगों ने दूतावास को घेरा

पेरिस । राफा शहर में इजरायली हमले के दौरान फिलिस्तीनी शरणार्थियों का एक टेंट भी निशाना बन गया, जिसमें 45 लोगों की मौत हुई। इस घटना को लेकर इजरायल निशाने पर है और फिर से दुनिया भर में उसके खिलाफ प्रदर्शन होने लगे हैं। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने मामले में गलती मानकर घटना को दुखद बताया है। इस बीच पेरिस में इजरायल के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन हुआ है। पेरिस स्थित इजराइल के दूतावास को प्रदर्शनकारियों ने घेर लिया। करीब 10 हजार लोगों ने उसके दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया। इन लोगों के पास में फिलिस्तीनी झंडे थे और ये लोग इजरायल एवं नेतन्याहू के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। इन लोगों ने फ्री गाजा, हम भी गाजा के बच्चे हैं जैसे नारे लगाए। गाजा पट्टी पर बीते 8 महीनों से इजरायल की ओर से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। गाजा के खान यूनिस जैसे शहर इजरायली हमलों में तबाह हो चुके हैं। अब इजरायली सेना ने राफा शहर को अपना निशाना बनाया है। उसका कहना है कि हमास के लड़ाकों ने अब यहीं पर अपने ठिकाने बना लिए हैं। इसके बाद उन्हें नेस्तनाबूद करने के लिए हमले जरूरी हैं। इजरायल के लिए मुश्किल वाली बात यह है कि भले ही उसके साथ अमेरिका और ब्रिटेन पूरी ताकत से खड़े हैं, लेकिन कई यूरोपीय देशों में भी उसके खिलाफ तीव्र विरोध दिख रहा है। जर्मनी, फ्रांस, स्पेन जैसे देशों में उसके लिए मुश्किल खड़ी हो रही है। पेरिस में प्रदर्शन के दौरान ही मैड्रिड और बार्सिलोना में भी आंदोलन हुए। बता दें कि इजरायल में 45 फिलिस्तीनियों के मारे जाने की घटना को इजरायल ने हमला नहीं बल्कि हादसा करार दिया है।

## चुनाव को लेकर पूरी तरह आशावादी हूं: ओब्रेडोर

मैक्सिको सिटी। मैक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने कहा है कि उन्हें आशा है कि रविवार के आम चुनाव सुचारू रूप से निपट जाने वाले है। मैक्सिको सिटी के नेशनल पैलेस में ओब्रेडोर ने कहा, मैं बहुत उम्मीद है कि लोग हमेशा की तरह मौके का फायदा उठाते हुए व्यवहार करने वाले हैं। उन्होंने कहा, मैक्सिक के लोग सम्मानजनक, अच्छे, सहभागी लोग हैं। मुझे ऐसा कुछ भी नहीं दिखता, जो चिंता का कारण हो। दिसंबर 2018 में पदभार संभालने वाले श्री ओब्रेडोर ने कहा कि मैक्सिको सबसे अधिक वेतन वृद्धि, कम बेरोजगारी, कम गरीबी और असमानता वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि आने वाली चुनावी प्रक्रिया एक चुनाव से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा, यह एक जनमत संग्रह है, जिसमें मैक्सिकोवासी उस दिशा का चयन करेंगे, जिस दिशा में वे देश को ले जाना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार के आम चुनावों को मैक्सिको के आधुनिक इतिहास में सबसे बड़ा माना जाता है, जिसमें राष्ट्रपति पद, विधायी सीटें, गवर्नर पद और स्थानीय सरकारी पद शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने पापुआ न्यू गिनी को सहायता पैकेज की घोषणा की

कैनबरा । ऑस्ट्रेलिया ने भूस्खलन से प्रभावित पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के लिए सहायता पैकेज की घोषणा की है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा कि वह तलाश, बचाव और पुनर्वास प्रयासों में सहायता के लिए पीएनजी को प्रारंभिक सहायता, तकनीकी विशेषज्ञों और आपातकालीन राहत आपूर्ति में 25 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (16 लाख अमेरिकी डॉलर) भेजेगी। देश के राष्ट्रीय आपदा केंद्र के अनुसार, पीएनजी के सुदूर एंगा प्रांत में बड़े पैमाने पर भूस्खलन से 2,000 से अधिक लोग जिंदा दफन हो गए थे। सहायता पैकेज के तहत, ऑस्ट्रेलियाई विशेषज्ञ ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल की मदद से घटना प्रबंधन, भू-खतरे के आकलन और पुनर्वास प्रयासों में सहायता प्रदान करेगा। भूस्खलन क्षेत्र में स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं के मद्देनजर तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए ऑस्ट्रेलिया द्वारा महिलाओं और बच्चों के लिए आश्रय, स्वच्छता किट और विशिष्ट सहायता प्रदान की जाएगी।

## गाजा में कुवैती अस्पताल को बंद किया गया

गाजा। गाजा में इजरायली सैन्य अभियान के कारण कुवैती अस्पताल को बंद किया गया है। एक फिलिस्तीनी चिकित्सा अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। यह अस्पताल राफा में अभी भी काम कर रहे दो अस्पतालों में से एक है। अस्पताल के निदेशक सुहैब अल-हम्स ने कहा, हम कुवैत विशेष अस्पताल को बंद करने और आसपास के क्षेत्र में तैयार किए जा रहे फील्ड अस्पताल में मेडिकल स्टाफ को स्थानांतरित करने की घोषणा करते हैं। इजरायली सेना द्वारा राफा में अपने सैन्य अभियान के विस्तार और अस्पताल के परिवेश को बार-बार जानबूझकर निशाना बनाने के कारण यह कदम उठाया जा रहा है। इस बीच, मध्य गाजा पट्टी के दीर अल-बाला में अल-अक्सा अस्पताल ने चेतावनी दी कि इजरायली सेना द्वारा ईंधन आपूर्ति रोकने से अगले चार घंटों के भीतर स्वास्थ्य सेवाएं निलंबित हो सकती हैं। इजराइली सेना रविवार से ईंधन आपूर्ति रोक रही है। बयान में कहा गया है कि अस्पताल 1,200 से अधिक बीमार और घायल लोगों को चिकित्सा देखभाल और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है, जिसमें 600 किडनी फेलियोर मरीज भी शामिल हैं, जिन्हें किडनी डायलिसिस की आवश्यकता होती है। यदि ईंधन की आपूर्ति नहीं की जाती है और बिजली चली जाती है, तब उनका उपचार कुछ घंटों के भीतर टाल दिया जाएगा। बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अगले 10 दिनों तक चिकित्सा कर्मचारियों के काम को सुनिश्चित करने के लिए इजरायल पर 50,000 लीटर ईंधन की आपूर्ति करने के लिए दबाव डालने का आह्वान किया गया है।

## चीन में इमारत के ढहने से चार लोगों की मौत

हेफेई । पूर्वी चीन में टोंगलिंग में आवासीय इमारत के आंशिक रूप से ढहने से चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हुआ है। अधिकारियों के अनुसार जियाओकू जिले के दातोंग टाउनशिप में स्थित पांच मंजिला इमारत का पश्चिमी हिस्सा दोपहर करीब 1:40 बजे ढह गया। जांच के अनुसार पांच लोगों का पता नहीं चल पाया था। गहन खोज और बचाव अभियान के बाद, सभी पांच लापता व्यक्ति मंगलवार सुबह 1:28 बजे तक मिल गए। जिला सरकार के अनुसार चार की मौत की पुष्टि हो गई, जबकि एक 12 वर्षीय किशोरी का वर्तमान में गहन चिकित्सा उपचार चल रहा है। अधिकारियों ने इमारत के कुछ हिस्सों के गिरने के खतरे को देखते हुए अन्य निवासियों को वहां से हटा दिया है।



बांग्लादेश में तूफान के बाद आई बाढ़ के बची ही क्रेब फार्म से निकलते हुए लोग।

## पोर्न स्टार स्टॉर्मी को डर... कहीं ट्रंप राष्ट्रपति बन गए तो फिर क्या होगा

वाशिंगटन । अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ यौन संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए पैसे देने के मामले में पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स के नए खुलासे ने फिर सनसनी मचा दी है। पोर्न अभिनेत्री का दावा है कि ट्रंप की पोल खोलने के बाद से वह मुश्किल में पड़ गई है। लोगों ने जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी है। डेनियल्स का कहना है कि इसतरह के कमेंट मिल रहे हैं, जो उसके लिए बहुत मुश्किल भरे हैं। डर है कि कहीं ट्रंप राष्ट्रपति बन जाते हैं, तब उसके लिए स्थिति और खराब हो जाएगी।

डेनियल्स ने कहा, 2018 में मुझे झूठा और गोल्ड डिगर जैसी बातें कहकर चिढ़ाया जाता था। लेकिन इस बार मुझे सीधी धमकी मिली है। मुझे एक ने कहा-मैं तुम्हारा गला काटने के लिए तुम्हारे घर आऊंगा। ट्रम्प पर मुकदमा करीब आ रहा है और लगभग पांच सप्ताह की गवाही के बाद मुझे धमकियां मिल रही हैं।

स्टॉर्मी डेनियल्स का कहना है कि उन्हें डर है कि कहीं ट्रंप राष्ट्रपति न बन जाए। अगर वह चुनाव जीतने में कामयाब हो जाता है, तब वे मुश्किल में पड़ जाएगी। ट्रंप समर्थक रैलियों में लगातार उत्तेजित दिखाई देते हैं। उसे हर वक्त अपनी जान का खतरा लगा रहता है। गौरतलब है कि ट्रंप द्वारा पॉर्न स्टार को धन दिए जाने का यह मामला 2016 का है। उस समय ट्रंप के पॉर्न स्टार के साथ संबंध होने की बातें सामने आई थीं और आरोप है कि उन्होंने इसे छिपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था। पूर्व राष्ट्रपति की कंपनी ने यह धन उनके वकील माइकल कोहेन को दिया था जिन्होंने ट्रंप की ओर से पॉर्न स्टार को इसका भुगतान किया।

# तालिबान को आतंकी संगठनों की सूची से हटाएगा रूस

### बैन के 21 साल बाद लिया फैसला ; कहा- वे असली ताकत, हम उनसे अलग नहीं

**मॉस्को(एजेंसी)।** रूस तालिबान को प्रतिबंधित आतंकी संगठनों की लिस्ट से हटाने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि कजाखिस्तान ने हाल ही में तालिबान को लेकर यह फैसला लिया है और हम भी जल्द ही इसे लागू करेंगे। लावरोव ने कहा कि तालिबान असली ताकत है। हम उनसे अलग नहीं हैं। सेंट्रल एशिया में हमारे सहयोगी भी उनसे अलग नहीं हैं। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के 3 साल बाद रूस ने यह फैसला किया है। दरअसल, पिछले साल के अंत में कजाखिस्तान ने तालिबान को बैन किए गए आतंकी संगठनों की लिस्ट से हटा दिया था।

रूस ने भी तालिबान पर तमाम पाबंदियों के बावजूद उससे अपने संबंध बनाए रखे हैं। हालांकि, उन्होंने अब तक तालिबान को अफगानिस्तान की सरकार के तौर पर मान्यता नहीं दी है। रूस ने तालिबान को सेंट पीटर्सबर्ग में होने वाले इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के लिए भी न्योता दिया है। यह इवेंट 5-8 जून को होगा। रूसी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान ने रूस से तेल खरीदने की भी इच्छा जताई है। पश्तो भाषा में तालिबान का अर्थ छात्र होता है। इस संगठन की स्थापना साल 1994 में अफगानिस्तान के कंधार शहर में हुई थी। यह उन गुटों में से एक था जो सोवियत संघ की वापसी के बाद अफगानिसतान पर कब्जे के लिए गृह युद्ध लड़ रहा था।

**तालिबान ने खदेड़ा था सोवियत सेना**

इसके सदस्य अफगानिस्तान के मुजाहिद्दीन लड़ाके थे, जिन्होंने 1989 में अमेरिका की मदद से सोवियत सेना को खदेड़ा था। तब दोनों पक्षों के बीच 9 साल तक जंग चली थी। 1विनोद उपाध्याय / 28 मई, 2024 में हस्ट ने एक रिजॉल्यूशन अडॉप्ट किया था। इसमें कहा गया था तालिबान दुनियाभर के आतंकी संगठनों को पनाह देकर उन्हें प्रशिक्षण देने का काम करता है। इसके कुछ महीने बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें ह रिजॉल्यूशन को स्वीकार करते हुए तालिबान पर पाबंदियां लगाने की बात कही गई थी। इसके बाद साल 2003 में रूस की सुप्रीम कोर्ट तालिबान को आतंकी संगठन घोषित कर दिया था। रूस ने कहा था कि रूस के चेचन्या में तालिबान के अवैध संगठनों के साथ संबंध हैं। वह उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद साल 2017 में रूस ने अफगानिस्तान की तत्कालीन सरकार और तालिबान के बीच समझौता कराने की कोशिश की थी, जिससे अफगानिस्तान में शांति आ सके।

**तालिबान ने 2021 में अफगानिस्तान पर कब्जा किया**

इस कोशिश में चीन, ईरान, पाकिस्तान समेत कई देशों ने रूस का साथ दिया था। लंबे समय तक चली बातचीत के बाद भी अफगान सरकार और तालिबान के बीच सहमति नहीं बन पाई थी। अमेरिकी सेना के साथ लंबे संघर्ष के बाद तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को काबुल के साथ ही पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद से वो लगातार दुनिया से उसे मान्यता देने की मांग करता रहा है। तालिबान के कार्यकारी रक्षा मंत्री मुल्लाह मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने अल-अरेबिया न्यूज चैनल को एक इंटरव्यू दिया था। इस दौरान उन्होंने कहा था- सरकार ने मान्यता हासिल करने के लिए सारी जरूरतों को पूरा किया है। इसके बावजूद अमेरिका के दबाव में आकर दूसरे देश हमें मान्यता नहीं दे रहे हैं। हम उन देशों से मान्यता की अपील करते हैं जो अमेरिका के दबाव में नहीं हैं। हम चाहते हैं कि दुनिया के ताकतवर इस्लामिक देश हमें सरकार के तौर पर पहचानें।

## यरूशलम को आजाद कराने के लिए जिहाद ही एकमात्र रास्ता : तालिबान

**काबुल (एजेंसी)।** इजरायल और हमास जंग के बीच अब तालिबान ने जिहाद शुरू करने की अपील की है। तालिबान के स्कॉलर शेख अब्दुल सामी ने कहा कि यरूशलम को आजाद कराने के लिए जिहाद ही एकमात्र रास्ता है। सामी ने यरुशलम में यहूदियों की उपस्थिति को मंजूरी देने वाले किसी भी शांति समझौते को मानने से इंकार किया। उन्होंने यरूशलम को आजाद कराने के लिए फिर से दुनिया भर के मुसलमानों को एक खिलाफत के झंडे के नीचे आने की अपील की।

सामी ने कहा कि जैसे कभी उमय्यद, अब्बासी और उस्मानिया सल्तनत के खलीफा होते थे, इस तरह से आज भी एक नेतृत्व की स्थापना ही यरुशलम को आजाद कराने और मुसलमानों को सशक्त बनाने का एकमात्र तरीका है। तालिबान ने यरुशलम को लेकर पहली बार बयान नहीं दिया है। खुद को अफगानिस्तानी अमीरात बताने वाला तालिबान लंबे समय से यरुशलम को यहूदियों के कब्जे से आजाद करने का समर्थक रहा है। बीते साल इजरायल पर हमास के आतंकी हमले के बाद अक्टूबर में तालिबान ने यरुशलम की तर्ज पर काबुल में भी अल-अक्सा मस्जिद का निर्माण कराया था। इस मस्जिद का निर्माण तालिबान की अंतरिम सरकार के आंतरिक मंत्रालय के निर्देश पर किया गया है। हालांकि, इसकी स्थापना के लिए तुर्की के एक संगठन ने धन मुहैया कराया था। काबुल में बनी अल-अक्सा मस्जिद को बनाने में 1.20 लाख डॉलर की लागत आई थी। इसके उद्घाटन के मौके पर तालिबान के सदस्यों ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि यह मस्जिद अल-अक्सा मस्जिद की आजादी के लिए रास्ता खोलेगी। तालिबान के कार्यवाहक आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी ने मस्जिद के उद्घाटन समारोह में कहा था कि यह मस्जिद फिलिस्तीन और अल-अक्सा के प्रति मुसलमानों, विशेष रूप से अफगानों के असीम प्रेम को दर्शाती है।

## चीन आने पर फोन जांच वाले दावे को चीन के किया खारिज, बताया बिल्कुल बेतुका



**इस्लामाबाद(एजेंसी)।** एक खबर ने देश-दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया जब कहा गया कि 1 जुलाई से चीन में आने वाले सभी लोगों को मोबाइल जांच का सामना करना पड़ेगा। हालांकि तुरंत ही बीजिंग की तरफ से इसे गलत बताते हुए 'चीन-विरोधी' ताकतों द्वारा की गई सच्चाई को तोड़-मरोड़कर पेश किए जाने की बात कहकर खारिज कर दिया गया है। 26 अप्रैल को राज्य सुरक्षा मंत्रालय ने दस्तावेज़ जारी किए जिसमें कहा गया कि कानून प्रवर्तन नियमों की पहुंच को व्यापक बनाया गया और इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को जोखिम में डालने वाली अवैध गतिविधियों से निपटने में मदद मिली।

मंत्रालय ने अपने सार्वजनिक वीचैट अकाउंट पर एक बयान में कहा कि कुछ शत्रुतापूर्ण विदेशी चीन विरोधी ताकतों ने निंदनीय और झूठे आरोप लगाकर सच्चाई को विकृत करने का अवसर प्राप्त कर लिया है। जांच वाले दावे को 'बिल्कुल बेतुका' कहकर खारिज कर दिया कि प्रवेश पर सभी आगमनकर्ताओं को फोन जांच से गुजरना होगा। नए राष्ट्रीय सुरक्षा नियम ने व्यापक जनता का ध्यान आकर्षित किया और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, इसमें कहा गया है कि नया संशोधित प्रति-जासूसी कानून इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और सुविधाओं के वैध निरीक्षण पर विशिष्ट नियम निर्धारित करता है।

मंत्रालय ने कहा कि इस तरह के निरीक्षण का लक्ष्य जासूसी कार्य से संबंधित व्यक्ति या संगठन होना चाहिए, जैसे संदिग्ध जासूस जो सैन्य प्रतिबंधित क्षेत्रों या वर्गीकृत इकाइयों में तस्वीरें या वीडियो लेते हैं। यह घटना तब हुई है जब चीनी सांसदों ने इस साल 2010 के बाद पहली बार राज्य रहस्य कानून का विस्तार किया, जिसमें प्रतिबंधित संवेदनशील जानकारी के दायरे को बढ़ाकर कार्य रहस्य के रूप में वर्णित जानकारी को शामिल किया गया।

# मेक्सिको को मिल सकती है पहली महिला राष्ट्रपति! ऐतिहासिक चुनावों से जुड़ी जानकारी यहां जानें

**(एजेंसी)।** मेक्सिको में 2 जून को लोकप्रिय राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर (एएमएलओ) के उत्तराधिकारी का चुनाव करने के लिए मतदान होगा, जिन्हें संविधान द्वारा दूसरे छह साल का कार्यकाल पूरा करने से प्रतिबंधित किया गया है। मैक्सिको में चुनाव के दौरान जब प्रचार अभियान चला रहे थे तब उनके जोशीले भाषणों को सुनने के लिए भारी भीड़ जुट रही थी। 2018 में जब चुनाव के नतीजे आए तो पहले दो बार राष्ट्रपति चुनाव में हार का सामना करने वाले ओब्रेडोर ने 53.8 प्रतिशत वोट हासिल करके चुनाव जीता। 69 साल के ओब्रेडोर की लोकप्रियता इतनी रही थी उस वक्त की उनके निकटतम प्रतिद्ववंदी अनाया को केवल 22.8 प्रतिशत वोट मिले थे।

**मोरेना पार्टी की तरफ से शीनबाम**

61 वर्षीय शीनबाम का चुनाव सत्तारूढ़ मोरेना पार्टी के सदस्यों के बीच पिछले साल किए गए कई सर्वेक्षणों के बाद लिया गया। शीनबाम राष्ट्रपति लोपेज़ ओब्रेडोर के करीबी सहयोगी हैं और वो लोकप्रिय नेता लोपेज़ ओब्रेडोर की निरंतरता को बनने का वादा कर रही हैं। उन्हें उनकी सत्तारूढ़ मुरैना पार्टी का समर्थन प्राप्त है। शीनबाम ने लोपेज़ ओब्रेडोर के साथ अपने अच्छे संबंधों का जिक्र करते हुए अपनी खुद की छवि को गढ़ने में लगी हैं।

**विपक्ष की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार गैल्वेज़**

विपक्षी गठबंधन ने महिला सांसद ज़ोचिटल गैल्वेज़ को अपना उम्मीदवार चुना है। विपक्षी सीनेटर





गैल्वेज़ एक टेक उद्यमी हैं। लोपेज़ ओब्रेडोर के हालिया विरोध के अलावा ऐतिहासिक रूप से उन्हें एकजुट करने के लिए बहुत कम प्रयास थे। गैल्वेज़ निवर्तमान राष्ट्रपति की कटु आलोचक हैं। उनकी हालिया तीखी नोकझोंक काफी चर्चा में भी रही। एक गरीब ग्रामीण कस्बे में पली-बढ़ी ज़ोचिटल गैल्वेज़ ने अपने परिवार की मदद के लिए घर पर बनी कैंडी बेची। अब वह एक सफल उद्यमी हैं और मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनने की उम्मीद कर रही हैं। गैल्वेज़, जो एक स्वदेशी ओटोमी पिता और मिश्रित नस्ल की मां की संतान थीं, अपने मूल के बारे में गर्व के साथ बात करती हैं। 2015 और 2018 के बीच, गैल्वेज़ कांग्रेस के ऊपरी सदन में सीट जीतने से पहले, मैक्सिको सिटी के एक जिले की मेयर थी।

**चुनाव में राष्ट्रपति लोपेज़ ओब्रेडोर की भूमिका**

तीसरे उम्मीदवार अल्पज्ञात जॉर्ज अल्वारेज़ मेनेज़ हैं, जो सिटीज़न मूवमेंट पार्टी के पूर्व संघीय कांग्रेसी हैं। उन्होंने युवा वोट हासिल करने की कोशिश पर ध्यान केंद्रित किया है, लेकिन उन्हें ज्यादा समर्थन नहीं मिला है। 2018 में चुने गए लोपेज़ ओब्रेडोर ने श्रमिक वर्ग और ग्रामीण मतदाताओं जैसे आबादी के बड़े हिस्से को साधा है। लोपेज़ ओब्रेडोर को शीनबाम का गुरु माना जाता है और अगर वह चुनी जाती हैं, तो यह उनकी विरासत को मजबूत करेगी और दिखाएगी कि उनकी मुरैना पार्टी उनके राष्ट्रपति पद से परे भी सत्ता में बने रह सकती है।

# पाकिस्तान का परमाणु परीक्षण करना इतिहास की सबसे बड़ी गलती: नजर

### -1999 में कारगिल जंग सबसे बड़ी आपदा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने 28 मई को आज ही के दिन 1998 में परमाणु परीक्षण करके दुनिया के परमाणु शक्ति संपन्न देशों की सूची में शामिल हो गया था। पाकिस्तान का पूरा परमाणु प्रोग्राम भारत की बराबरी करने के लिए शुरू हुआ था। इसकी गवाही पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बयान से होती है, जिन्हें पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम का जनक कहा जाता है। उन्होंने विदेश मंत्री रहते हुए 1965 में कहा था कि, अगर भारत परमाणु बम बनाता है, तब चाहे पाकिस्तान को घास या पत्तियां खानी पड़े, चाहे भूखा रहना पड़े लेकिन हम परमाणु बम हासिल करके दम लेने वाले है। इसके तीन दशक बाद पाकिस्तान परमाणु शक्ति बन गया लेकिन उसका नाम तब से परमाणु हथियार रखने वाले सबसे गरीब देश के रूप में हो गया है। अब पाकिस्तान के विद्वानों का मानना है कि पाकिस्तान ने परमाणु परीक्षण करके अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मार ली थी।

पाकिस्तानी अर्थशास्त्री यूसुफ नजर ने पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण को बड़ी गलती बताया है। उन्होंने लिखा, 1998 में परमाणु परीक्षण की कोई जरूरत नहीं थी। वहां परीक्षण जनता को खुश करने के लिए की गई एक प्रतिक्रिया थी, जो भारत के परमाणु परीक्षण के मात्र 17 दिन बाद किया गया था। फरवरी 1997 में नवाज शरीफ के सत्ता में आने से बहुत पहले ही पाकिस्तान ने यह क्षमता विकसित कर ली थी। नजर ने दावा किया कि परीक्षणों ने लाभ की जगह पाकिस्तान को नुकसान पहुंचा। इसके चलते प्रतिबंधों की मार झेलनी पड़ी और पाकिस्तान के अंदर निवेश में बड़ी गिरावट आई। उन्होंने दावा किया कि 2001 में 9/11 पर हमले के बाद बड़े पैमाने पर आई अमेरिकी मदद के बावजूद यह कभी पहले के स्तर पर नहीं पहुंच सका। 2002 से 2007 तक अमेरिकी मदद के रूप में कुल 12 अरब अमेरिकी डॉलर पाकिस्तान को मिले थे।लेकिन इसके बाद देश कमजोर ही रहा।

नजर ने इसके बाद 1999 में कारगिल में पाकिस्तानी सैनिकों को भेजकर भारत के साथ युद्ध छेड़ने को एक और बड़ी आपदा बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का दुर्भाग्य था कि उस पर इसतरह के अक्षम और बौने लोगों को शासन था, जिनके पास कोई दूरदर्शिता या बुद्धि नहीं थी। 1998 में शरीफ के पास दो तिहाई बहुमत था, जबकि मुशर्रफ एक सैन्य तानाशाह थे। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जाहिर की थी। नजर ने कहा कि आज के समय में यह कोई अकल्पनीय चीज नहीं कि परिष्कृत तकनीक का इस्तेमाल करके लोग दूर से किसी सिस्टम को हैक या सक्षम कर सकते हैं।



# गौतम गंभीर बनेंगे भारतीय टीम के नए हेड कोच! बीसीसीआई से हुई चर्चा, कभी भी हो सकता है ऐलान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम का नया हेड कोच राहुल द्रविड़ के बाद कौन होगा, इस पर जल्द ही नए कोच के नाम का ऐलान हो सकता है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि, हेड कोच के लिए सबसे आगे गौतम गंभीर का नाम चल रहा है। गंभीर ने इसके लिए आवेदन भी कर दिया है। बताया जा रहा है कि उनकी बीसीसीआई से चर्चा भी हो गई है। गंभीर आईपीएल 2024 की विजेता टीम केकेआर के मेंटॉर हैं।

क्रिकबज की रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है कि अब गौतम गंभीर इस पद के बड़े दावेदार हैं। इस सप्ताह केकेआर की तीसरी खिताबी जीत के बाद गंभीर हेड कोच पद के अहम दावेदार माने जा रहे हैं। गंभीर 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 के वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय टीम का हिस्सा थे। इस टी20 वर्ल्ड कप के अंत में राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो जाएगा।

साथ ही रिपोर्ट में ये भी दावा किया जा रहा है कि गंभीर ने अपने करीबी लोगों से कहा है कि वह इस पद को लेकर विचार कर रहे हैं। इस बात का अंदाजा केकेआर टीम के सह मालिक शाहरुख खान को भी है। फिलहाल, 27 मई को आवेदन भेजने का आखिरी दिन था। ऐसी संभावना है कि उन्होंने इस भूमिका के लिए औपचारिक रूप से आवेदन किया है। हालांकि, अभी तक किसी भी ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

वहीं एक आईपीएल फ्रेंचाइजी के मालिक जो बीसीसीआई के टॉप लेवल के अधिकारियों के बहुत करीब हैं, उन्होंने क्रिकबज को बताया कि गंभीर को हेड कोच बनाने को लेकर डील हो गई है, जिसको लेकर बस घोषणा होना बाकी है।

# निशानेबाजों ने शीर्ष राइफल कोच पर लगाया बंदूक से छेड़छाड़ का आरोप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कोच पर कुछ निशानेबाजों के अभिभावकों ने उनकी राइफलों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है जिसका राष्ट्रीय महासंघ ने खंडन किया है। कथित तौर पर प्रभावित एक निशानेबाज के अभिभावक ने गोपनीयता की शर्त पर मंगलवार को पीटीआई को बताया कि कोच ने उनके बेटे की राइफल से छेड़छाड़ कर दी थी जिसके कारण उन्हें नए उपकरण खरीदने पड़े। उन्होंने हालांकि कोच की पहचान बताने से भी इंकार कर दिया।


इस निशानेबाज के पिता ने कहा, 'कोच ने मेरे बेटे की बंदूक को खराब कर दिया, इस कारण हमें नई बंदूक खरीदनी पड़ी। विश्व कप से एक दिन पहले निशानेबाज की अनुमति के बिना कोच बंदूक में इस तरह के बदलाव कैसे कर सकता है।' उन्होंने कहा, 'यह पिछले साल भोपाल में आईएसएसएफ विश्व कप के दौरान हुआ था। यह कोच जब भी टीम के साथ विदेश जाता है तब ऐसा होता है। कोच का तर्क होता है कि आपको प्रयोग करने की जरूरत है लेकिन विश्व कप से एक दिन पहले आप किस तरह के प्रयोग कर रहे हैं।'

उन्होंने बताया कि कई निशानेबाज इस संबंध में एनआरएआई (भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ) को भी सूचित कर चुके हैं। एनआरएआई के महासचिव राजीव भाटिया ने हालांकि इन आरोपों का खंडन किया और कहा कि उन्हें इस तरह की किसी घटना का पता नहीं है।

भाटिया ने कहा, 'मुझे कोई पता नहीं है। किसी ने भी हमसे संपर्क नहीं किया। किसी ने भी हमारे पास शिकायत दर्ज नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि ऐसा हुआ होगा। अगर ऐसा हुआ था तो फिर निशानेबाजों को खुलकर सामने आना चाहिए था। उनका चयन नहीं होने पर ही इस तरह के आरोप क्यों लगाए जा रहे हैं। भोपाल में विश्व कप पिछले साल मार्च में हुआ था और तब से काफी समय बीत चुका है।'

एक अन्य निशानेबाज के पिता ने आरोप लगाया कि इस कोच का बंदूकों से छेड़छाड़ करने का पुराना रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने कहा, 'मेरा बेटा विश्व कप खेलने गया था और कोच ने जूरी (सदस्य) के साथ मिलकर बंदूक के साथ छेड़छाड़ की थी। कोच का बंदूकों के साथ छेड़छाड़ का पुराना रिकॉर्ड है। हम इसे एनआरएआई के संज्ञान में नहीं लाए क्योंकि हमें प्रतिशोध का डर है।'

# टी20 क्रिकेट पर ध्यान देने एकदिवसीय प्रारुप छोड़ सकते हैं स्टार्क



**सिडनी (एजेंसी) ।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा है कि वह लंबे समय तक अधिक से अधिक टी20 प्रारुप खेलना चाहते हैं। इसलिए वह एकदिवसीय प्रारुप छोड़ सकते हैं। आईपीएल के इस सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने स्टार्क को नीलामी में रिकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा था और आईपीएल 2024 के अंत में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दो नॉकआउट मैचों में पांच विकेट के साथ ही टूर्नामेंट में कुल 17 विकेट लिए थे। स्टार्क ने कहा कि अब आने वाले समय में वह टी20 क्रिकेट पर सबसे ज्यादा ध्यान देंगे।

स्टार्क ने कहा, ''पिछले नौ साल में मैंने निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को प्राथमिकता दी है। मैं अपने शरीर को आराम देने और परिवार के साथ कुछ समय बिताने का मौका पाने के लिए अधिकतर इन टूर्नामेंटों से हट गया इसलिए निश्चित रूप से पिछले नौ वर्षों में मेरा दिमाग इसी पर केंद्रित रहा है।'' उन्होंने कहा, ''मैं निश्चित रूप से अपने करियर के अंत के करीब हूं। इसलिए एक प्रारूप को हटाया जा सकता है। इससे उनके पास काफी फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का अवसर रहेगा।''

स्टार्क ने कहा कि इस साल के आईपीएल से उन्हें वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि आईपीएल में खेलकर कई खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर हुआ है और उन्होंने लय हासिल की है।''स्टार्क को उम्मीद है कि वह अगले साल भी केकेआर के लिए खेलेंगे। स्टार्क का भी अन्य लोगों की तरह ही मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी नियम के कारण आईपीएल में बड़े स्कोर बने हैं। उन्होंने कहा कि वह टी20 विश्व कप में स्पिनरों के लिए अधिक मदद की उम्मीद करते हैं।

# नरेंद्र मोदी से लेकर धोनी तक, बीसीसीआई को मुख्य कोच पद के लिए मिले 3000 से अधिक फर्जी आवेदन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद समाप्त होने वाला है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस महीने की शुरुआत में टीम इंडिया के हेड कोच पद के लिए आवेदन खोले थे जिसके आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई को मुख्य कोच पद के लिए 3000 से अधिक के फर्जी आवेदन मिले हैं जिसमें भारत के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सहित गॉड ऑफ क्रिकेट सचिन तेंदुलकर तक शामिल हैं।

पिछले साल भी बीसीसीआई को ऐसी प्रतिक्रिया मिली थी, जहां धोखेबाजों ने आवेदन किया था और इस बार भी कहानी कुछ ऐसी ही है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने एक मीडिया हाउस से कहा, 'बीसीसीआई को गूगल फॉर्म पर आवेदन आमंत्रित करने का कारण यह है कि एक ही शीट पर आवेदकों के नामों की जांच करना आसान है।'

यह ध्यान देने वाली बात है कि यह पहली बार नहीं है जब बीसीसीआई को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा है। 2022 में, बीसीसीआई ने मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए और उन्हें सेलिब्रिटी नामों का इस्तेमाल करने वाले धोखेबाजों से 5000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। लेकिन उन्हें ये आवेदन मेल के जरिए मिले और 2024 में उन्होंने गूगल फॉर्म पर आवेदन प्राप्त करने का विकल्प चुना। बीसीसीआई ने पुष्टि की कि नया भारतीय मुख्य कोच 2027 के वनडे विश्व कप तक काम करेगा। बीसीसीआई ने 13 मई को टीम इंडिया की पुरुष सीनियर टीम के मुख्य कोच की भूमिका के लिए आवेदन खोलते समय स्पष्ट किया था कि वह व्यक्ति 2027 के विश्व कप तक सभी प्रारूपों में कोच के रूप में काम करेगा जो 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा। अपने आधिकारिक बयान में बीसीसीआई ने कहा था कि उम्मीदवार को 'बड़े एथलीटों को संभालने से जुड़ी काम की अपेक्षाओं और दबावों को पूरा करने के लिए तैयार होना चाहिए।' इसके अलावा, इसमें आगे कहा गया कि उन्हें 'एक विश्व स्तरीय भारतीय क्रिकेट टीम विकसित करने में मदद करनी होगी जो सभी परिस्थितियों और प्रारूपों में निरंतर सफलता प्रदान करे, और खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण से क्रिकेटरों और हितधारकों की वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करे।'

# कनाडा ने नेपाल को 63 रनों से हराया

डलास । कनाडा ने यहां टी20 विश्व कप के लिए अपने पहले अभ्यास मैच में नेपाल को 63 रन से हरा दिया। कनाडा की जीत में चार विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज डाइलन हेलिगर की अहम भूमिका रही। इस मैच में कनाडा ने टॉस पहले बल्लेबाजी करते हुए निकोलस किर्टन के अर्धशतक 51 रनों और रविंदर पाल सिंह के नाबाद 41 रन की सहायता से सात विकेट पर 183 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए नेपाल की टीम 120 रन ही बना पायी। नेपाल की ओर से कुशाल मल्ला के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं टिक पाया। कुशल ने 30 गेंद में 37 रन बनाए। नेपाल के सात बल्लेबाज ही दो अंकों में पहुंच पाये। हेलिगर के सामने नेपाल की टीम टिक नहीं पायी। इस गेंदबाज ने 20 रन देकर चार विकेट लिए। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए कनाडा की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। आरोन जॉनसन का विकेट जल्द खोने के बाद किर्टन और नवनीत धालीवाल ने दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी करके पारी को संभाला। वहीं हेलिंगर ने नाबाद 13 रन बनाये। इस दौरान उनकी रविंदर पाल के साथ आठवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी हुई। वहीं एक अन्य मुकाबले में त्रिनिदाद में ओमान ने पापुआ न्यू गिनी को हरा दिया।

# टी20 विश्व में शिवम और यशस्वी पर रहेंगी नजरें : शास्त्री



दुबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल भारतीय टीम को जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। शास्त्री के अनुसार शिवम में बड़े शॉट लगाने की क्षमता है जिससे वह टीम की बड़ा स्कोर बनाने में सहायता कर सकते हैं। वहीं यशस्वी पारी की शुरुआत करते हुए बड़ी पारी खेली सकते हैं। शास्त्री ने कहा, 'दोनों अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। वह युवा है और बेखौफ होकर खेलता है। शिवम ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा, 'मध्यक्रम में वह आक्रामक तरीके से खेलता है और मैच विजेता है। वह मजे के लिये छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को आसनी से खेलता है। उन्होंने कहा, 'तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी वह प्रभावी है। ऐसे में वह अगर पांचवें और छठे नंबर पर भी उतरे तो भी वह 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर मैच पलट सकता है।

# रिंकू अपने वेतन से खुश, कभी नहीं सोचा था कि इतना कमाएंगे



नई दिल्ली । आईपीएल की विजेता टीम केकेआर के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह ने कहा है कि वह एक समय 5-10 रुपये के लिए भी तरसे हैं। इसलिए अब जबकि लाखों रुपये मिल रहे हैं। वह संतुष्ट हैं और उन्हें किसी प्रकार की शिकायत नहीं है। रिंकू पिछले आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद से ही सबकी नजरों में आये थे। उसके बाद से ही उन्हें टीम इंडिया में भी जगह मिल गयी थी। अब उन्हें टी20 विश्वकप के लिए भी रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। आईपीएल में जहां कई नये खिलाड़ियों को करोड़ों की रकम मिल रही है। वहीं रिंकू को केवल 55 लाख रुपये ही मिलते हैं। रिंकू को 2022 की नीलामी में केकेआर ने खरीदा था। उस समय उनका नाम इतना बड़ा नहीं था। इसी वजह से नीलामी में बड़ी बोली नहीं लगी पर अब जबकि वह टीम इंडिया में भी आ गये हैं उनका वेतन करोड़ तक नहीं पहुंच पाया है जबकि कई अनकैप्ड (गैरअनुभवी) खिलाड़ियों को करोड़ों की रकम मिल रही रही है। इसी को लेकर रिंकू ने कहा, 50-55 लाख भी बहुत होता है। जब शुरू किया था तब कभी नहीं सोचा था कि इतना कमाएंगे। उस समय बच्चे थे, तब 5-10 रुपये भी लगता था कि कैसे भी मिल जाएं। अब 55 लाख रुपये मिल रहे हैं तो यह बहुत है, ऊपर वाला जितना दे उसमें खुश रहना चाहिए। मेरी सोच यही है। मुझे ऐसा बिल्कुल नहीं लगता कि मुझे इतने पैसे मिलने चाहिए थे और उतने मिलने चाहिए थे। मैं 55 लाख रुपये में भी बहुत खुश हूं। जब ये नहीं हुआ करते थे तब पता चलता था कि पैसों का मूल्य कितना होता है।

# अभ्यास मैचों के लिए खिलाड़ियों की कमी से जूझ रही ऑस्ट्रेलियाई टीम

**-आईपीएल में शामिल खिलाड़ियों ने लिया ब्रेक**



**न्यूयार्क (एजेंसी) ।** ऑस्ट्रेलियाई टीम के कई खिलाड़ियों ने आईपीएल की थकान को उतारने के लिए खेल से ब्रेक ले लिया है। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई टीम के पास टी20 विश्व कप के अभ्यास मैचों के लिए खिलाड़ियों की कमी हो गयी है। इसलिए उसके अभ्यास मैचों में सहायक स्टाफ के सदस्यों को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में है उतारना पड़ सकता है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलने हैं पर उसके पास दो मैचों के लिए केवल आठ खिलाड़ी ही उपलब्ध हैं क्योंकि अधिकांश आईपीएल प्ले ऑफ में खेलने के बाद ब्रेक ले लेंगे। इस दौरान पैर की मांसपेशियों की चोट से उबर रहे कप्तान मिशेल मार्श भी नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच शायद ही खेल पायें। प्रबंधन ने मान है कि खिलाड़ियों की कमी है पर कहा कि ये एक ह अभ्यास मैच है। साथ ही कहा कि जिन खिलाड़ियों को खेलने की जरूरत है वे खेलेंगे और हम फिर वहां से तय करेंगे। ट्रेविस हेड, पैट कमिंस और मिचेल मार्श ने अभी ब्रेक लिया है।

इन तीनों के अलावा रॉयल कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल भी इस हफ्ते के अंत में ही बारबडोस में विश्व कप टीम के साथ जुड़ेंगे जबकि मार्कस स्टोइनिस के भी बाद में ही पहुंचने की उम्मीद है। रिजर्व खिलाड़ी जैक फ्रेजर-मैकगर्क और मैट शॉर्ट भी पांच जून को ओमान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले टी20 विश्व कप मैच के बाद ही टीम से जुड़ेंगे।

मार्श ने कहा, 'लचीला होना जरुरी है। जिन खिलाड़ियों ने आईपीएल खेला है उन्हें हमने अपने परिवार से मिलने, तरोताजा होने और अपने घर पर कुछ दिन बिताने के लिए समय दिया है। आईसीसी के नियमों के अनुसार अभ्यास मैचों में मैदान पर उतरने वाले खिलाड़ियों को उसी देश से होना चाहिए जिसका वे प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसका मतलब है एंड्रयू मैकडोनाल्ड, ब्रैड हॉज, जॉर्ज बेली आंद्रे बोरोवेक जैसे सहयोगी स्टाफ को मैदान पर उतरना पड़ सकता है।

# सऊदी प्रो लीग में छाए रोनाल्डो, सत्र में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड बनाया



रियाद - दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग फुटबॉल सत्र का अंत सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड के साथ किया। अल नासर की अल इतिहाद पर 4-2 की जीत के दौरान रोनाल्डो ने विजेता टीम की ओर से दो गोल दागे। इसके साथ ही लीग में उनके गोलों की संख्या 35 हो गई जो 2019 में बनाए अब्दररजाक हमदल्लाह के पिछले रिकॉर्ड से एक गोल अधिक है। अल नासर की टीम 82 अंक के साथ लीग में दूसरे स्थान पर रही। टीम स्थानीय दावेदार अल हिलाल से 14 अंक पीछे रही जिसने दो हफ्ते से भी अधिक समय शेष रहते चैंपियनशिप जीत ली थी और सोमवार को सत्र का अंत 34 दौर की लीग में अजेय रहते हुए किया। टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में अल वेहदा को 2-1 से हराया। अल हिलाल की टीम नेमार की गैरमौजूदगी में भी विरोधी टीमों पर आसानी से दबदबा बनाने में सफल रही। नेमार पिछले साल अगस्त में पेरिस सेंट जर्मेन को छोड़कर इस टीम से जुड़े थे लेकिन अक्टूबर में एसीएल की चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

# पूर्व भारतीय खिलाड़ी का बयान, कहा- 'टी20 वर्ल्ड कप के दौरान हार्दिक पंड्या के लिए बदल जाएगा माहौल', रोहित-कोहली का भी किया जिक्र



**नई दिल्ली(एजेंसी) ।** पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टूर्नामेंट का आगाज 1 जून से होने वाला है। वहीं ये टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ग्रुप और सुपर-8 चरण में खेला जाना है। टूर्नामेंट में 4 ग्रुप ए, बी, सी, डी हैं, जिनमें ग्रुप ए में भारतीय टीम शामिल है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड से न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जाना है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में हिस्सा लेने के लिए टीम इंडिया के कई खिलाड़ी अमेरिका पहुंच चुके हैं। बाकि अगले दिनों में पहुंच जाएंगे। वहीं टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज हरभजन सिंह ने भारतीय टीम को कुछ सुझाव दिए हैं। वहीं हरभजन सिंह इस बात से काफी प्रभावित हैं कि कैसे विराट कोहली ने इस साल के आईपीएल के दौरान कई शॉट्स जोड़कर टी20 खेल में बदलाव किया, जिससे उनके स्ट्राइक रेट में काफी सुधार हुआ है। हरभजन सिंह ने पीटीआई से बातचीत में कहा कि, विराट कोहली ने पिछले साल से इस साल तक काफी सुधार दिखाया है। लोग उनके स्ट्राइक रेट के बारे में भी बात करते हैं। पिछले साल ये 130 के आसपास था जबकि इस बार 160 के आसपास है। साथ ही भारतीय दिग्गज ने कहा कि, मुझे लगता है कि यशस्वी जायसवाल को खेलना चाहिए। मुझे नहीं पता कि वे इसे प्लेइंग इलेवन में कैसे शामिल करने जा रहे हैं। लेकिन अगर वह नहीं खेलता है तो जाहिर तौर पर रोहित और विराट को ओपनिंग करने और टी20 फॉर्मेट की तरह खेलने की जरूरत है। रोहित शर्मा को लेकर हरभजन सिंह बोले, वह पहले 6 ओवरों में तेजी से रन बनाने के लिए हमेशा अपनी बल्लेबाजी में बड़ा बदलाव चाहते हैं। अगर ऐसा परिदृश्य है तो, अनुभव के सात जा रहे हैं, लेकिन उन्हें विराट कोहली और रोहित शर्मा ध्यान में रखना होगा कि वह टी20 फॉर्मेट में खेल रहे हैं। उन्हें परिस्थितियों का साम्मना करना होगा। साथ ही हरभजन सिंह ने हार्दिक पंड्या के साथ सहानुभूति जताई है। उन्होंने कहा कि, हार्दिक पंड्या करियर में एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। हालांकि, हरभजन को उम्मीद है कि ये ऑलराउंडर अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड के दौरान शानदार प्रदर्शन करेगा। हार्दिक पंड्या को आईपीएल 2024 के दौरान जब भी मैदान पर उतरते थे तो उन्हें हूटिंग का शिकार होना पड़ता था।

# 15 साल बाद भारत में होगी विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप



नई दिल्ली । विश्व जूनियर चैंपियनशिप अगले साल 2025 में भारत में होगी। इसका आयोजन गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में किया जाएगा। बैडमिंटन की वैश्विक संचालन संस्था (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा कि करीब 15 साल बाद ये चैंपियनशिप भारत में होने जा रही है। इससे पहले साल 2008 में इसका आयोजन भारत में हुआ था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ''टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं गुवाहाटी राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी।'' पिछली बार इन खेलों का आयेजन पुणे में हुआ था। वहीं इसको लेकर बीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष पॉल-एरिक होयर ने कहा, ''भारत में तेजी से बैडमिंटन में बेहतरीन प्रतिभाएं सामने आ रही हैं, ऐसे में विश्व जूनियर प्रतियोगिता का दूसरी बार भारत में आयोजनप और भी अहम है।'' उन्होंने कहा, ''बीएआई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बैडमिंटन में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं है और ऐसे में यह उभरती हुई प्रतिभाओं के लिए टीम और व्यक्तिगत खिताब के लिए चुनौती पेश करने का बेहतरीन स्थान होगा।'' इस टूर्नामेंट की तारीखों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। वहीं बीडब्ल्यूएफ के थॉमस और उबेर कप फाइनल्स का अगला सत्र डेनमार्क के होर्सेन्स में होगा।

# फ्रेंच ओपन के रहले राउंड हारे राफेल नडाल, इस साल संन्यास का ऐलान कर सकते हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए हैं। अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ मैच में नडाल को सीधे सेट में 3-6, 6-7, 3-6 से हार मिली। माना जा रहा है कि, 14 बार के चैंपियन का रोलां गैरो पर ये आखिरी मैच था। अपने लंबे और सुनहरे करियर में पहली बार नडाल क्लेकोर्ट पर लगातार दो मैच हारे हैं। फ्रेंज ओपन में पहली बार वह चौथे दौर से पहले बाहर हुए हैं। क्लेकोर्ट पर इस ग्रैंडस्लैम में उन्होंने 116 मैचों में 112 जीते हैं।

राफेल नडाल को संभवतः आखिरी बार खेलते देखने के लिए करीब 15000 दर्शक मौजूद थे, जिन्होंने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल तीन जून को 38 साल के हो जाएंगे। वह जनवरी 2023 से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं। इस साल उन्होंने 15 मैच खेले और उनका रिकॉर्ड 8-7 का रहा है। चोटों की वजह से उनकी रैंकिंग गिरकर 275वीं हो गई और फ्रेंच औपन में पहली बार वह गैर वरीय खिलाड़ी थे।

इसी कारण से पहले ही दौर में उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव से हुआ जो 2020 अमेरिकी ओपन उपविजेता रहे, टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता और पिछले तीन साल में हर बार यहां सेमीफाइनल में पहुंचने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। नडाल ने संकेत दिया था कि 2024 उनका आखिरी सत्र होगा लेकिन उन्होंन शनिवार को ये कहा था कि उन्हें शत प्रतिशत यकीन नहीं है कि वह फ्रेंच ओपन में दोबारा नहीं खेलेंगे।

वहीं बता दें कि, रोजर फेडरर जैसे खिलाड़ी नडाल को फ्रेंच ओपन में नहीं हरा पाए हैं। वह फ्रेंच ओपन में इससे पहले 2010 में रॉबिन सोडरलिंग से और 2015 और 2021 में नोवाक जोकोविच से हारे थे। एक बार वह इंजरी की वजह से हट गए थे।

# रिजर्व बैंक ने यस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक पर लगाया करोड़ों का जुर्माना




**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने निजी क्षेत्र के दो बड़े बैंकों यस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक पर करोड़ों रुपए का जुर्माना लगाया है। बैंकिंग रेगुलेटर का कहना है कि यस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक केंद्रीय बैंक के कई नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इसके चलते यस बैंक पर 91 लाख रुपए और आईसीआईसीआई बैंक पर 1 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई के मुताबिक यस बैंक पर कस्टमर सर्विस और इंटरनल एंड ऑफिस अकाउंट से जुड़े दिशानिर्देशों के उल्लंघन का आरोप था। आरबीआई के सामने ऐसे कई मामले आए जहां बैंक ने पर्याप्त बैलेंस न होने पर कई अकाउंट से चार्ज वसूला। साथ ही इंटरनल एंड ऑफिस अकाउंट से अवैध गतिविधियां की जा रही थीं। आरबीआई ने अपने मूल्यांकन में पाया कि साल 2022 के दौरान यस बैंक की ओर से ऐसा कई बार किया गया। बैंक ने फंड पार्किंग और कस्टमर ट्रांजेक्शन को रूट करने जैसे अवैध उद्देश्यों के लिए अपने ग्राहकों के नाम पर कुछ इंटरनल अकाउंट खोले और चलाए थे। इन सभी निर्देशों का पालन करने के चलते बैंक पर 91 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक को लोन और एडवांस से जुड़े निर्देशों का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। इसके लिए बैंक को 1 करोड़ का जुर्माना भरना पड़ेगा।

# डिश टीवी का मार्च तिमाही में घाटा बढ़कर 1,990 करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली ।**

डीटीएच सेवा प्रदाता डिश टीवी का घाटा मार्च तिमाही में बढ़कर 1,989.69 करोड़ रुपये हो गया। ओटीटी मंच वॉचो में निवेश के नुकसान से उसका घाटा बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को जनवरी-मार्च, 2024 के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 1,710.62 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। आलोच्य अवधि में डिश टीवी की परिचालन आय 19.38 प्रतिशत घटकर 406.95 करोड़ रुपये पर आ गई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 504.82 करोड़ रुपये थी। परिचालन राजस्व में विपणन एवं प्रचार शुल्क, विज्ञापन आय और अन्य आय शामिल हैं।डिश टीवी के मुताबिक मार्च तिमाही में उसका असाधारण वस्तुओं पर व्यय 402.69 करोड़ रुपये था। इसमें अमूर्त संपत्तियों की हानि के रूप में 301.7 करोड़ रुपये और संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के नुकसान के रूप में 101 करोड़ रुपये शामिल हैं। मार्च तिमाही में डिश टीवी का कुल खर्च 42.92 प्रतिशत घटकर 426.37 करोड़ रुपये रहा। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में डिश टीवी का एकीकृत घाटा बढ़कर 1,966.57 करोड़ रुपये हो गया जबकि 2022-23 में यह 1,683.54 करोड़ रुपये था। पिछले वित्त वर्ष में डिश टीवी का परिचालन राजस्व 2,261.85 करोड़ रुपये से 17.9 प्रतिशत घटकर 1,856.53 करोड़ रुपये रहा।




# मस्क की कंपनी एक्सएआई ने 6 अरब डॉलर फंड जुटाया




**वाशिंगटन ।**

एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी एक्सएआई की ओर से कहा गया कि उसने आने वाले समय की टेक्नोलॉजी के विकास और अध्ययन के लिए 6 अरब डॉलर जुटा लिए हैं। मस्क की एआई कंपनी की ओर से ये जानकारी सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर दी गई। कंपनी के पोस्ट के जवाब में एलन मस्क ने लिखा कि आने वाले समय में हम कई और घोषणाएं करने वाले हैं। मस्क ने कंपनी के फंडिंग जुटाने को लेकर एक अन्य पोस्ट के जवाब में कहा कि इसका प्री-मनी वैल्यूएशन 18 अरब डॉलर था। कंपनी ने बताया कि सीरीज बी में जुटाई गई इस फंडिंग का इस्तेमाल एक्सएआई के पहले उत्पादों को बाजार में उतारने और एडवांस इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनाने में उपयोग किया जाएगा। कंपनी ने अपनी ब्लॉग पोस्ट में कहा कि एक्सएआई का पूरा ध्यान एक एडवांस एआई सिस्टम बनाने को लेकर है। सही, सक्षम और मानवता को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने वाला होगा। कंपनी का मिशन यूनिवर्स के सही अर्थ को जानना है। एक्स एआई की ओर से एआई चैटबॉट ग्रॉक को पेश किया गया है। इसमें वेलोर इक्विटी पार्टनर्स, वीवाई कैपिटल, आंद्रेसेन होरोविट्ज, सिकोइया कैपिटल, फिडेलिटी मैनेजमेंट, रिसर्च कंपनी, प्रिंस अलवलीद बिन तलाल और किंगडम होल्डिंग आदि ने निवेश किया हुआ है। इसके अलावा एक्सएआई ने कहा कि वह आने वाले समय में नए टेक्नोलॉजी अपडेट्स और उत्पाद पेश करेंगे। इस महीने की शुरुआत में एक्सएआई की ओर से 500 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया गया था। एक्सआई की स्थापना 2023 में हुई थी। इसका पहला एआई उत्पाद नवंबर में पिछले साल लॉन्च किया गया था। इसके अलावा ग्रॉक एआई का 1.5 मॉडल भी हाल ही में लॉन्च किया गया। ये लंबे टेक्स्ट लिख सकता है। वहीं, ग्रॉक-1.5वी तस्वीरों को भी आसानी से समझ सकता है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली ।**

देश भर में बुधवार को पेट्रोल-डीजल के नए दाम जारी कर दिए गए हैं। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर देश में ईंधन की कीमतें तय की जाती हैं। पेट्रोल-डीजल पर राज्य सरकारें अपने-अपने स्तर से वैट और अन्य टैक्स लगाती हैं जिस वजह से इनकी कीमत भी देश भर में अलग-अलग होती हैं। मंगलवार को देश की राजधानी दिल्ली समेत अन्य महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया जैसी कंपनियां अपनी वेबसाइट पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों को जारी करती हैं। राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 94.72 रुपये, तो वहीं डीजल के दम 87.62 रुपये प्रति लीटर हैं। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये और डीजल की कीमत 90.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये, तो वहीं डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 94.65 रुपये है, तो वहीं डीजल 87.75 रुपये बिक रहा है। लखनऊ में पेट्रोल 94.65 रुपये है, तो वहीं डीजल 87.76 रुपये है। गाजियाबाद में पेट्रोल का भाव 94.65 रुपये है, तो वहीं डीजल 87.75 रुपये बिक रहा है। मुजफ्फरनगर में पेट्रोल 94.63 रुपये है, तो वहीं डीजल के दाम 87.72 रुपये हैं। मेरठ में पेट्रोल 94.43 रुपये हैं, तो वहीं डीजल के दाम 87.49 रुपये हैं। जोधपुर में पेट्रोल का दाम 104.70 रुपये है, तो वहीं डीजल 91.20 रुपये बिक रहा है। जयपुर- जयपुर में पेट्रोल के दाम 104.88 हैं तो वहीं डीजल के दाम 90.36 रुपये हैं।

# गोल्डमैन सैक्स ने भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था जताया भरोसा

### रिसर्च फर्म ने भारत का ग्रोथ अनुमान 6.7 फीसदी किया

नई दिल्ली। अमेरिकी रीसर्च फर्म और ग्लोबल फाइनेंसियल इंस्टीच्यूशन गोल्डमैन सैक्स ने भारत की बढ़ती विकास गति की उम्मीद करते हुए भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अपने जीडीपी फोरकास्ट को 10 बेसिस पॉइंट बढ़ा दिया है। रिसर्च फर्म ने अब भारत का ग्रोथ अनुमान 6.7 फीसदी कर दिया है।

इनवेस्टमेंट बैंक एक बयान में कहा कि आने वाले समय में हमें इनवेस्टमेंट ग्रोथ की रफ्तार बनी रहने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक ने अनुमान से ज्यादा डिविडेंड सरकार को ट्रांसफर किया है, लिहाजा इंफ्रास्ट्रक्चर पर और खर्च के लिए गुंजाइश है। हमने हाल में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 0.10 फीसदी बढ़ाकर 6.7 फीसदी कर दिया है। गोल्डमैन सैक्स को उम्मीद है कि रिजर्व बैंक अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट में बढ़ोतरी से कोर गुड्स इनफ्लेशन में भी बढ़ोतरी की उम्मीद है। गोल्डमैन सैक्स का कहना है कि भारत में ग्रोथ की रफ्तार मजबूत रहेगी जबकि हमारा मानना है कि कोर इनफ्लेशन अप्रैल-जून में रिकॉर्ड से नीचे जाएगा। जुलाई-दिसंबर में कोर इनफ्लेशन 4.0-4.5 फीसदी रहने का अनुमान है। हालांकि, रिजर्व बैंक की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी के सदस्यों ने हाल में फूड इनफ्लेशन को लेकर सावधान रहने को कहा है।

गोल्डमैन सैक्स के अनुमानों के मुताबिक अमेरिकी फेडरल रिजर्व इस साल सितंबर और दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। इनवेस्टमेंट बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, कि अमेरिकी अर्थशास्त्रियों की हमारी टीम ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा पहली कटौती की तारीख को जुलाई से बढ़ाकर सितंबर कर दिया है। हालांकि, अब भी 2024 में ब्याज दरों में दो बार कटौती का अनुमान है।

## सैमसंग ने लांच किया गैलेक्सी एफ55 5जी




**नई दिल्ली ।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी एफ-सीरीज स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ55 5जी को भारतीय बाजार में लांच कर दिया है। जिसकी शुरूआती कीमत 24999 रुपये है। कंपनी ने कहा कि इसे प्रीमियम वेगन लेदर फिनिश बैक पैनल के साथ गैलेक्सी एफ55 5जी का स्लीक और स्टाइलिश लुक दिया गया है। गैलेक्सी एफ55 5जी के साथ ही सैमसंग पहली बार एफ-सीरीज पोर्टफोलियो में उत्कृष्ट वीगन लेदर डिजाइन वाला स्मार्टफोन लॉन्च कर रहा है। यह सुपर एमोलेड प्लस डिस्प्ले, शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 7 जेन1 प्रोसेसर, 45वॉट सुपर-फास्ट चार्जिंग, एंड्रॉएड अपग्रेड के चार जेनरेशंस और पांच साल की सुरक्षा अपडेट जैसी सेगमेंट-अग्रणी फीचर्स के साथ मौजूद है, ताकि आने वाले वर्षों के दौरान यूजर लेटेस्ट फीचर्स और बेहतर उपयोग कर सकें।




## चौथी तिमाही में एलआईसी का मुनाफा 13,763 करोड़ पहुंचा

### कंपनी 3662 करोड़ रुपए का सरकार को देगी उपहार

**नई दिल्ली।** इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी ने हाल ही में अपने तिमाही आंकड़े पेश किए हैं। चौथी तिमाही में एलआईसी का मुनाफा दो फीसदी बढ़कर 13,763 करोड़ पहुंच गया है। कंपनी को 2023 की समान तिमाही में 13,428 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। शुद्ध मुनाफा बढ़ने से कंपनी ने 6 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का ऐलान भी किया है। एलआईसी में सरकार की करीब 96.5 फीसदी हिस्सेदारी है। अब कंपनी 3662 करोड़ रुपए का सरकार को भी उपहार देगी। एलआईसी से पहले रिजर्व बैंक ने भी 2.11 लाख करोड़ का डिविडेंड सरकार को देने की घोषणा की थी। एलआईसी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय 2,50,923 करोड़ रुपए हुई है। 2023 की सामान तिमाही में यह 2,00,185 करोड़ रही थी। जनवरी-मार्च तिमाही में एलआईसी का एनुअल प्रीमियम भी 10.7 फीसदी बढ़कर 21,180 करोड़ रुपए हो गया था, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 19,137 करोड़ था। हालांकि, एलआईसी के न्यू बिजनेस में 1.6 फीसदी की गिरावट आई है। यह पिछले वित्त वर्ष के 3,704 करोड़ रुपए के मुकाबले वित्त 2024 की चौथी तिमाही में 3,645 करोड़ रहा। जनवरी-मार्च तिमाही में एलआईसी का पहले साल प्रीमियम भी बढ़ा है। यह आंकड़ा 13,810 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। 2024 की सामान तिमाही में पहले साल का प्रीमियम 12,811 करोड़ रुपए था। रिन्यूअल प्रीमियम भी बढ़कर 77,368 करोड़ हो गया, जो कि 2023 की समान अवधि में 76,009 करोड़ रुपए था।

## दूरसंचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम शुल्क के साथ जीएसटी भी देना होगा

**नई दिल्ली ।** दूरसंचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम शुल्क के के साथ-साथ वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) भी देना होगा। दूरसंचार विभाग (डीओटी) मोबाइल फोन सेवाओं के लिए आठ स्पेक्ट्रम बैंड के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी का अगला दौर छह जून को आयोजित करेगा। नीलामी के लिए आधार मूल्य 96,317 करोड़ रुपये तय किया गया है। स्पेक्ट्रम 20 साल के लिए आवंटित किया जाएगा और सफल बोलीदाताओं को आगामी 'मेगा' नीलामी में 20 समान वार्षिक किस्तों में भुगतान करने की अनुमति दी जाएगी। अधिकारी ने कहा कि दूरसंचार कंपनियों को प्रत्येक किस्त के साथ 18 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करना होगा। अधिकारी ने कहा` कि जीएसटी परिषद अपनी अगली बैठक में स्पेक्ट्रम नीलामी के दौरान बोली जीतने वाली कंपनियों द्वारा जीएसटी भुगतान की प्रक्रिया को स्पष्ट कर सकती है। स्पष्टीकरण से नीलामी प्रक्रिया में जीएसटी संग्रह की विधि के संबंध में क्षेत्रीय अधिकारियों के बीच भ्रम समाप्त हो जाएगा। 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1,800 मेगाहट्र्ज, 2,100 मेगाहट्र्ज, 2,300 मेगाहट्र्ज, 2,500 मेगाहट्र्ज, 3,300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज बैंड में सभी उपलब्ध स्पेक्ट्रम नीलामी का हिस्सा हैं। नीलामी की जा रही कुल 'फ्रीक्वेंसी' का मूल्य 96,317 करोड़ रुपये है।



# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 220 अंक , निफ़्टी 44 अंक नीचे आया

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी होने से आई है। इसी कारण दिन भर बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहा। लोकसभा चुनावों के परिणामों से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया हुआ है। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी के शेयर में गिरावट से भी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 0.29 फीसदी करीब 220.05 अंक नीचे आकर 75,170.45 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी भी अच्छी शुरुआत के बाद भी 44.30 अंक तकरीबन 0.19 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति के शेयर नीचे आये जबकि एशियन पेंट्स, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर ऊपर आये। वहीं गत दिवस वाहन क्षेत्र के शेयरों के साथ ही बैंकिंग और आईटी शेयरों में बढ़त से गत दिवस सेंसेक्स और निफ्टी इंट्राडे ट्रेड के दौरान शीर्ष पर पहुंच गये थे। हालांकि, निवेशकों की अंतिम घंटे में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आ गया। इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 194.9 अंक चढ़कर 75,585.40 पर पहुंच गया। इसी तरह एनएसई निफ्टी भी 59.95 अंक बढ़कर 22,992.40 पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, विप्रो, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा और आईटीसी समेत, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स और टाइटन गिरावट में कारोबार कर रहे थे।

एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान का निक्केई 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था, जबकि कोरिया का कोस्पी 0.15 फीसदी ऊपर था। गत दिवस अमेरिकी बाजार बंद थे।




## आईआईटी-बॉम्बे ने टीसीएस के साथ की साझेदारी

**मुंबई ।** भारत का पहला क्वांटम डायमंड माइक्रोचिप इमेजर बनाने के लिए आईआईटी बॉम्बे ने देश की प्रमुख आईटी सेवा कंपनी टीसीएस के साथ साझेदारी की है। बताया जा रहा है कि क्वांटम डायमंड माइक्रोचिप इमेजर चुंबकीय क्षेत्रों की तस्वीर बना सकता है। यह सेमीकंडक्टर चिप की नॉन इनवेसिव और नॉन-डिस्ट्रक्टिव मैपिंग को सक्षम बनाता है, जैसे एक अस्पताल में एमआरआई की तरह। पीक्वेस्ट लैब में क्वांटम इमेजिंग प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिए टीसीएस के विशेषज्ञ प्रमुख प्रौद्योगिकी संस्थान के एक एसोसिएट प्रोफेसर के साथ काम करेंगे। दोनों साझेदार नवाचार को बढ़ावा देने के लिए क्वांटम सेंसिंग में अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए चिप की नॉन-डिस्ट्रक्टिव जांच के लिए क्वांटम इमेजिंग प्लेटफॉर्म पर काम करेंगे। टीसीएस ने कहा कि दूसरी क्वांटम क्रांति तेजी से  रही है, जिससे सेंसिंग, कंप्यूटिंग तथा संचार प्रौद्योगिकियों में अत्याधुनिक क्षमताओं का निर्माण करने के लिए संसाधनों व विशेषज्ञता को एकत्रित करना अनिवार्य हो गया है।

# आरबीआई का रिकॉर्ड लाभांश भुगतान 0.6 फीसदी जीडीपी के बराबर: फिच

**नई दिल्ली ।**


भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सरकार को रिकॉर्ड लाभांश देने की घोषणा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 0.6 प्रतिशत के बराबर है लेकिन इस उच्च प्रतिशत के बरकरार रह पाने की संभावना बहुत कम है। यह बात फिच रेटिंग्स द्वारा कही गई है। आरबीआई के निदेशक मंडल ने पिछले सप्ताह वित्त वर्ष 2023-24 में कमाए मुनाफे में से सरकार को रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश हस्तांतरित करने का फैसला लिया था। यह अंतरिम बजट में निर्धारित 1.02 लाख करोड़ रुपये के अनुमान के दोगुने से भी अधिक है। फिच ने बयान में कहा कि आरबीआई को पिछले वित्त वर्ष में अधिक लाभ होने के पीछे विदेशी परिसंपत्तियों पर उच्च ब्याज राजस्व की भूमिका नजर आती है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने अभी तक इस बारे में कोई ब्योरा नहीं दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, आरबीआई ने जीडीपी के 0.6 प्रतिशत के बराबर राशि सरकार को रिकॉर्ड-उच्च लाभांश के रूप में देने की घोषणा की। यह वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में अपेक्षित जीडीपी के 0.3 प्रतिशत से अधिक है। इससे अधिकारियों को अल्पावधि के घाटे में कटौती के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। फिच ने कहा कि रिजर्व बैंक से सरकार को लाभांश हस्तांतरण विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जिनमें केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट और भारत की विनिमय दर पर मौजूद संपत्तियों का आकार और प्रदर्शन शामिल हैं। इसके साथ ही यह बैलेंस शीट में बफर रखने से संबंधित आरबीआई की राय से भी प्रभावित हो सकता है। फिच ने कहा, ''हस्तांतरण की संभावित अस्थिरता का मतलब है कि उनके मध्यम अवधि के मार्ग के बारे में खासी अनिश्चितता है। हम यह अनुमान नहीं लगा पाते हैं कि जीडीपी के हिस्से के रूप में लाभांश इतने उच्चस्तर पर कायम रहेगा। हालांकि, इस अप्रत्याशित लाभांश हस्तांतरण से चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.1 प्रतिशत पर रखने के लक्ष्य करे हासिल किया जा सकेगा और इसका उपयोग मौजूदा लक्ष्य से परे घाटे को कम करने के लिए किया जा सकता है। चार जून को चुनाव परिणाम जारी होने के बाद नई सरकार का बजट जुलाई में पेश होने की संभावना है।

## एचएसबीसी म्यूचुअल फंड मामले में सेबी को 24 लाख का भुगतान

**नई दिल्ली ।** एचएसबीसी म्यूचुअल फंड के मामले में एचएसबीसी एसेट मैनेजमेंट (इंडिया), इसके स्वतंत्र निदेशकों जैस्मीन बाटलीवाला एवं नानी जवेरी और दो अन्य ने बाजार नियामक सेबी को लगभग 24 लाख रुपये का भुगतान किया है। म्यूचुअल फंड नियमों के कथित उल्लंघन से संबंधित मामला निपटाने के लिए यह भुगतान किया गया है। निपटान शुल्क का भुगतान संस्थाओं द्वारा संयुक्त और कई देनदारियों के आधार पर किया गया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि एचएसबीसी एसेट मैनेजमेंट इंडिया, जैस्मीन बाटलीवाला, नानी जवेरी, हो वाई फन और टीसी नायर ने एक वचन पत्र प्रस्तुत किया था कि निपटान राशि एचएसबीसी की म्यूचुअल फंड योजनाओं के यूनिटधारकों द्वारा वहन नहीं की जाएगी या उनसे शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह आदेश तब आया जब नोटिसकर्ताओं ने नोटिस में सेबी की टिप्पणियों को स्वीकार या अस्वीकार किए बगैर चार अगस्त, 2023 को कारण बताओ नोटिस के माध्यम से उनके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही को निपटाने का प्रस्ताव दिया। सेबी ने म्यूचुअल फंड (एमएफ) नियमों के कथित उल्लंघन के लिए नोटिस पाने वालों के खिलाफ न्यायिक कार्यवाही शुरू की थी।

## एनएमडीसी ने लौह अयस्क के लम्प और फाइन दर बढ़ाई

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी ने अयस्क के लम्प (ढेला) की कीमतों में 250 रुपये प्रति टन और फाइन (चूरा) की कीमतों में 350 रुपये प्रति टन की बढ़ोतरी की है। एनएमडीसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने लम्प अयस्क की कीमत को संशोधित कर 6,450 रुपये प्रति टन और फाइन की कीमत 5,610 रुपये प्रति टन कर दी है। लम्प अयस्क या उच्च श्रेणी के लौह अयस्क में 65.5 प्रतिशत एफई (लौह) होता है, जबकि फाइन अयस्क 64 प्रतिशत और उससे कम एफई के साथ निम्न श्रेणी का अयस्क होता है। कंपनी के अनुसार, कीमतें 28 मई से प्रभावी हो गई हैं। इसमें रॉयल्टी तथा जिला खनिज निधि (डीएमएफ), राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (डीएमईटी) में योगदान शामिल है। इसमें उपकर, वन परमिट शुल्क और अन्य कर शामिल नहीं हैं। यह घोषणा कंपनी के अपने तिमाही परिणाम की घोषणा के एक दिन बाद आई है। बढ़े हुए खर्चों के कारण जनवरी-मार्च तिमाही में मुनाफा 38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,415.62 करोड़ रुपये रहा। मूल्य संशोधन आखिरी बार 29 अप्रैल को किया गया था, जब एनएमडीसी ने लम्प की दर 6,200 रुपये प्रति टन और फाइन की दर 5,260 रुपये प्रति टन तय की थी। हैदराबाद स्थित एनएमडीसी भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी है जो देश में इस्पात बनाने वाले कच्चे माल की करीब 20 प्रतिशत मांग को पूरा करती है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in